तकस्सुर (تکسر) अ पु –टूटना, टुकडे होना।

तकस्सुल (تکسل) अ पु –आलस्य, काहिली, सुस्ती।

तकाउद (تقاعد) अ पु –काम छोड वैठना।

तकाजा (تقاضا) अ पु –दिये हुए रुपये या वस्तु की माँग, आवश्यकता, जरूरत, किसी काम के लिए किसी से वरावर कहना।

तकाजाए उम्र (تقاضاے عمر) अ पु –उम्र की माँग, उम्र के लिहाज से कोई काम करना या न करना।

तकाजाए वक़्त(تقاضاے وقت) अ पु –समय की माँग, समय की आवश्यकता, किसी समय क्या करना है, यह माँग।

तकाजाए शदीद (تقاضاے شدید) अ पु –कडा तकाजा।

तकाजाए सिन (تقاضاے سن) अ पु –दे 'तकाजाए उम्र'।

तकातुर (تقاطر) अ पु –बूँद-बूँद टपकना, बूँदा-बाँदी होना।

तकातुल (تقاتل) अ पु –एक दूसरे का वध करना।

तकातो' (تقاطع) अ पु –एक दूसरे को लाँघना, एक रेखा का दूसरी रेखा को काटना।

तकादीर (تقادیر) अ पु –'तकदीर' का वहु, तकदीरे, भाग्य, ईश्वरेच्छाएँ।

तकादुम (تقادم) अ पु –कदीम होना, पुराना होना; पुरानापन।

तकान (تکان) फा स्त्री –झटकना, छोडना, हिलाना, थकावट, थकन।

तकाफी(تکافی) अ स्त्री –दे 'तकाफ़ू'।

तकाफ़ू (تکافو) अ पु –परस्पर बरावर होना, सहगोत्र होना।

तकाबुल (تقابل) अ पु -एक दूसरे के आमने-सामने होना।

तकामुल (تکامل) अ पु –पूरा होना, पूर्ण होना।

तकारीर (تقاریر) अ पु –'तक़्रीर' का वहु, तक़्रीरे।

तकारुब (تقارب) अ पु –परस्पर समीप होना, समीपता, नज़्दीकी।

तकारुम (تکارم) अ पु –परस्पर वख़्शिश करना।

तकालीफ (تکالیف) अ पु –'तक्लीफ' का वहु, तक्लीफे।

तकालीब (تقالیب) अ पु –'तक़्लीब' का वहु, दिनो के फेर, काल के चक्र।

तक़ावी (تقاوی) अ स्त्री—शक्ति देना बन्ना बनाना, वह सरकारी क़र्ज़ा जो किसानों को ज़मीन की दशा सुधारने और अच्छे बैल और बीज आदि के लिए दिया जाता है।
तक़ावीम (تقاویم) अ पु—'तक़्वीम' का बहु जंतरियां।
तक़ावुम (تقاوم) अ पु—एक दूसरे के बराबर खड़ा होना।
तक़ावुल (تقاول) अ पु—परस्पर वचन देना परस्पर वार्तालाप करना।
तकासुफ़ (تکاثف) अ पु—दलदार होना भारी होना, एकत्र होना खट्टा होना।
तक़ासुम (تقاسم) अ पु—परस्पर शपथ लेना परस्पर बांटना।
तकासुर (تکاثر) अ पु—प्रचुर होना बहुतायत होना प्रचुरता बढ़नान।
तकासुल (تکاسل) अ पु—अपने को काहिल और सुस्त दिखाना।
तकाहुल (تکاهل) अ पु—अपने को काहिल दिखाना।
तक़ी (تقی) अ वि—संयमी इंद्रियनिग्रही।
तक़ीय: (تقیه) अ पु—कोई बात जो भय से की या कही जाय यद्यपि उसके कहने या करने को जी न चाहता हो। (स्त्री) साध्वी तपस्विनी।
तक्युद (تقید) अ पु—दे तक़य्युद'।
तक़ईद (تقیید) अ स्त्री—क़ैद करना बंदी बनाना रोक लगाना।
तक़्क़ार (تکار) अ पु—बहुत बोलनेवाला बहुभाषी बहुत अच्छा भाषण देनेवाला भाषण-पटु।
तक़्ज़ीब (تکذیب) अ स्त्री—किसी की बात का खंडन करना किसी को झूठा ठहराना।
तक़्तीअ (تقطیع) अ स्त्री—टुकड़े-टुकड़े करना पुस्तक की लम्बाई चौड़ाई पद्य के किसी चरण के अक्षरों को गणों की मात्राओं के मुक़ाबले में रखकर यह देखना कि अमुक पद शुद्ध है या नहीं किसी वस्तु को टुकड़ों में बांटना।
तक़्तीर (تقطیر) अ पु—बूंद-बूंद करके टपकाना अर्क़ खींचना।
तक़्दिम (تقدم) अ पु—सामने करना सामने होना स्वागत नेता सार्थ पेशगी रक़म।
तक़्दीम (تقدیم) अ स्त्री—आगे करना तर्जीह देना प्रधानता तर्जीह।
तक़्दीर (تقدیر) अ स्त्री—भाग्य प्रारब्ध अदृष्ट अदृष्ट दैव क़िस्मत।
तक़्दीर आज़्माई (تقدیر آزمائی) अ फा स्त्री—भाग्य परीक्षा क़िस्मत का इम्तिहान।
तक़्दीस (تقدیس) अ स्त्री—पुनीतता पवित्रता श्रेष्ठता बुज़ुर्गी।
तक्फ़ीन (تکفین) अ स्त्री—मुर्दे को कफ़न पहनाना यह शब्द अकेला नहीं बोला जाता तजहीज़ के साथ बोलते हैं।
तक्फ़ीर (تکفیر) अ स्त्री—मुसलमान पर कुफ़्र का फ़तवा लगाना प्रायश्चित्त देना कफ़्फ़ारा देना।
तक़्फ़ील (تقفیل) अ स्त्री—ताला लगाना ताले में बंद करना क़ुफ़ुल देना।
तक्बीर (تکبیر) अ स्त्री—अल्लाहो अक्बर' (ईश्वर सबसे बड़ा है) कहना नमाज़ में झुकने खड़े होने अथवा बैठने के लिए अल्लाहो अक्बर' कहना।
तक़्बील (تقبیل) अ स्त्री—चुम्बन चूमना (किसी पदार्थ को चूमना मनुष्य का नहीं)।
तक्बीह (تقبیح) अ स्त्री—बुराई करना बुरा काम करना।
तक्मिल: (تکمله) अ पु—पूर्ति समाप्ति किसी काम की पूर्ति में कोई कसर न रहना परिशिष्ट ज़मीमा।
तक्मीद (تکمید) अ स्त्री—पोटली में दवा भरकर उससे अंग विशेष को सेंकना।
तक्मील (تکمیل) अ स्त्री—पूर्ति समाप्ति किसी काम की पूर्ति में कोई कसर न रहना।
तकिय: (تکیه) अ पु—सिर के नीचे रखने का नर्म और गुदगुदा वस्त्र उपधान पीठ से लगाने का बड़ा वस्त्र मसनद मुसलमानों के मुर्दे दफ़्न होने का स्थान क़ब्रिस्तान।
तकिय: कलाम (تکیه کلام) अ पु—वह बात जो कोई व्यक्ति बातों के बीच में बेज़रूरत बार-बार बोलता है।
तक्रार (تکرار) अ स्त्री—वाद विवाद बहस वाक्कलह कहा-सुनी पुनरावृत्ति दुहराना कही हुई बात को बार बार कहना।
तक़्रीअ (تقریع) अ स्त्री—निन्दा करना मलामत करना।
तक़्रीज़ (تقریظ) अ स्त्री—जीवित व्यक्ति की प्रशंसा आलोचना समालोचना तब्सिरा।
तक़्रीज़ (تقریض) अ स्त्री—दे 'तक़्रीज़'।
तक़्रीज़निगार (تقریظ نگار) अ फा वि—आलोचना लिखने वाला आलोचक।
तक़्रीब (تقریب) अ स्त्री—समीप आना कारण हेतु सबब उत्सव भोज आदि किसी व्यक्ति से मुलाक़ात कराने से पहले उसके सम्बन्ध में कुछ कहना अवसर मौक़ा सामान, ज़रीया।
तक़्रीबन (تقریباً) अ वि—प्रायः अनुमानतः बहुधा अक्सर अनुमानतः अन्दाज़न।

तक़्रीबात (تقریبات) अ स्त्री –'तक़्रीब' का बहु, शादियाँ, उत्सव।
तक्रीम (تکریم) अ स्त्री –आदर, सत्कार, इज्जत; आव-भगत, तवाज़ो'।
तक़्रीर (تقریر) अ स्त्री –वार्तालाप, बातचीत, भाषण, वक्तव्य, बयान, वाद-विवाद, हुज्जत।
तक्रीर (تکریر) अ स्त्री –बार-बार करना, दुहराना।
तक्रीह (تکریه) अ स्त्री –घृणा करना; नफ़रत करना, शत्रु बनाना, अप्रसन्न रखना।
तक़्लीद (تقلید) अ स्त्री –अनुसरण, अनुकरण, अनुयाय, पैरवी, देखा-देखी कोई काम करना।
तक्लीफ़ (تکلیف) अ स्त्री –दुख, कष्ट, पीडा, व्यथा, दर्द, खेद, शोक, रंज, आमय, रोग, मर्ज, मनोव्यथा, रूही कुल्फ़त, आपत्ति, मुसीबत, निर्धनता, मुफ्लिसी।
तक्लीफ़दिही (تکلیف دهی) अ फा स्त्री –कष्ट देना, जहमत देना, दुख देना, रंज पहुँचाना।
तक्लीफ़देह (تکلیف ده) अ फा स्त्री –दुखदायी, रंज पहुँचानेवाला।
तक्लीफ़फ़र्मा (تکلیف فرما) अ फा वि –कष्ट उठानेवाला, (किसी के काम के लिए), आनेवाला, पधारनेवाला।
तक्लीफ़ फ़र्माई (تکلیف فرمائی) अ फा स्त्री –किसी के काम के लिए कष्ट उठाना, पधारना, आना।
तक्लीफ़े नज़्अ (تکلیف نزع) अ स्त्री –मरते समय का कष्ट, चंद्रा, यमयातना।
तक्लीफ़े मालायुताक़ (تکلیف مالایطاق) अ स्त्री –वह परिश्रम जो सहन न हो सके।
तक़्लीब (تقلیب) अ स्त्री –उलट देना, उलटा कर देना, उलट-पलट, परिवर्तन।
तक़्लीम (تقلیم) अ स्त्री –नख काटना, नाखून तराशना, काटना, विच्छिन्न करना।
तक्लीम (تکلیم) अ स्त्री –घायल करना, जख्मी करना, बात करना, वार्तालाप करना।
तक़्लील (تقلیل) अ स्त्री –कम करना, कमी करना, न्यूनता, कमी।
तक़्लीलेग़िज़ा (تقلیل غذا) अ स्त्री –कम खाना, मिताहार।
तक़्वा (تقوا) अ पु –संयम, इंद्रियनिग्रह, परहेजगारी।
तक़्वाशिआर (تقوی شعار) अ वि –संयमी, इंद्रियनिग्रही, जितेंद्रिय।
तक़्वाशिकन (تقوی شکن) अ फा वि –जो संयम को भंग कर दे (रूप आदि)।
तक़्वियत (تقویت) अ स्त्री –बल, शक्ति, ज़ोर, सान्त्वना, ढारस, तसल्ली, सहायता, मदद, आश्रय, सहारा, पृष्ठ-पोषण, पुश्तपनाही।
तक्वीन (تکوین) अ स्त्री –सृजन, तख़्लीक़, उत्पत्ति, पैदाइश।
तक़्वीम (تقویم) अ स्त्री –सीधा करना; मूल निश्चित करना, पत्रा, पचांग, जंतरी।
तक़्वीमुलबुल्दान (تقویم البلدان) अ स्त्री –भूगोल, जुग्राफिया।
तक़्वीमे पारीनः (تقویم پارینه) अ फा स्त्री –पुरानी जंतरी, जो बेकार हो जाती है, बेकार वस्तु।
तक़्शीर (تقشیر) अ स्त्री –छिलके उतारना।
तक़्सीत (تقسیط) अ स्त्री –किस्तबंदी करना।
तक़्सीम (تقسیم) अ स्त्री –बँटवारा, विभाजन, हिस्सा आदि बाँटना, बाँट, बडी संख्या में छोटी संख्या से विभाजन, भाग, विभाजन।
तक़्सीमेकार (تقسیم کار) अ फा स्त्री –हर एक को अलग-अलग काम या ड्यूटी का बँटवारा।
तक़्सीमेमुल्क (تقسیم ملک) अ स्त्री –देश का बँटवारा, देश-विभाजन।
तक़्सीमेवतन (تقسیم وطن) अ स्त्री –देश या राष्ट्र का बँट-वारा, राष्ट्र-विभाजन, देश-विभाजन।
तक़्सीमेहिसस (تقسیم حصص) अ स्त्री –दाम का बँटवारा, अंशीकरण, नफे के हिस्सों का बँटवारा।
तक़्सीर (تقصیر) अ स्त्री –दोष, अपराध, क़ुसूर, न्यूनता, कमी, त्रुटि, भूल, कर्तव्य में कमी।
तक्सीर (تکسیر) अ स्त्री –तोडना, टुकडे करना, किसी तावीज, यंत्र या चक्र में संख्याएँ इस प्रकार भरना कि हर ओर से जोड बराबर आये।
तक्सीर (تکثیر) अ स्त्री –बढाना, अधिक करना, प्रचुरता, अधिकता, बढोत्तरी, बहुतायत।
तक़्सीरवार (تقصیروار) अ फा वि –दोषी, अपराधी, कुसूरवार, पापी, गुनाहगार।
तख़त्ती (تخطی) अ स्त्री –दोषारोपण, इल्जाम लगाना।
तख़ब्बुत (تخبط) अ पु –कुमार्ग पर चलना, प्रेत का सिर चढ कर पागल कर देना।
तख़य्युल (تخیل) अ पु –सोचना, विचारना, ख़याल करना; कल्पना करना, उडान भरना, कविता के लिए मज़्मून तलाश करना, कल्पना, उडान, भ्रम, वह्म; ध्यान, ख़याल।
तख़य्युलात (تخیلات) अ पु –'तख़य्युल' का बहु., कल्पनाएँ, ख़यालात, भ्रमजाल, वाहिमे।

तखरुक (تخرق) अ पु –फटना फटा होना झूठ बोलना।
तखल्खुल (تخلخل) अ पु –बिखर जाना।
तखल्लुक (تخلق) अ पु –स्वभाव बनाना आदत डालना, सुशील होना।
तखल्लुफ (تخلف) अ पु –प्रतिज्ञा भंग करना पीछे रहना।
तखल्लुस (تخلص) अ पु –शाइर या कवि का वह नाम जो वह अपनी कविता में लिखता है उपनाम।
तखश्शी (تخشی) अ स्त्री –डरना भयभीत होना डराना, त्रासन।
तखश्शो (تخشع) अ पु –नम्रता विनीत आजिजी, खाकसारी।
तखारुज (تخارج) अ पु –बटना तकसीम होना।
तखालुज (تخالج) अ पु –हृदय में भ्रम होना शका होना शक होना।
तखालुफ (تخالف) अ पु –शत्रुता वैर प्रतिकूलता, मुखालफत परिवर्तन उलट-पलट।
तखावुफ (تخاوف) अ पु –एक दूसरे से डरना।
तखासुम (تخاصم) अ पु –परस्पर शत्रुता करना।
तखयुल (تخیل) अ पु –दे तखय्युल।
तखयुलात (تخیلات) अ पु –दे तखय्युलात।
तखय्युल (تخیل) अ स्त्री –किसी को ध्यान में लाना ध्यान करना ध्यान खयाल कल्पनाशक्ति कल्पने चित्र।
तख्त (تخت) फा पु –लकड़ी का लम्बा चौड़ा और कामा मोटा टुकड़ा कागज के पन्ने या हर टुकड़ा जो लकड़ी का हो। कागज का एक शीट वह लकड़ी का पटरा जिस पर मुर्दा नहलाया जाता है जमीन का भाग और हमवार टुकड़ा बाग का बना खेत आदि की क्यारी।
तख्त (تخت) फा पु –बडी चौकी बादशाह या राजा के बैठने की चौकी राज्य राष्ट्र हुकूमत पलग चारपाई जीन (वि) बड़ा श्रेष्ठ बली।
तख्तबद (تختہ بند) फा वि –बनी बनी बड़ा बाराबाम लकड़ी की वह खपची जो टूटी हड्डी को जोड़ने के लिए बाँधी जाती है।
तख्तबदी (تختہ بندی) फा स्त्री –दीवारों के अन्दर में तख्ते लगाकर गुर्दा न करना बाग की क्यारियाँ आदि का ढग से सजाना।
तख्तए कागज (تختۂ کاغذ) फा अ पु –कागज का ताव मार।
तख्तए ताबूत (تختۂ تابوت) फा अ पु –वह सदूक या पलग जिसमें मुर्दा को ले जाते हैं।
तख्तए तालीम (تختۂ تعلیم) फा अ पु –वह काला पत्थर जिस पर बच्चों को अक्षर और गिनती सिखाते हैं शिक्षा पटल ब्लैक बोर्ड।
तख्तए नर्द (تختۂ نرد) फा पु –चौसर खेलने का तख्ता।
तख्तए मय्यित (تختۂ میت) फा अ पु –मुर्दे को नहलाने का तख्ता।
तख्तए मश्क (تختۂ مشق) फा अ पु –बच्चों की तख्ती वह चीज जो बहुत प्रयुक्त हो।
तख्तए मीना (تختۂ مینا) फा पु –आकाश आसमान।
तख्तए मुसत्तह (تختۂ مسطح) फा अ पु –एक प्रकार की मेज जो पैमाइश में काम देती है।
तख्तए याददाश्त (تختۂ یادداشت) फा पु –वह कागज का तख्ता जिसमें यादगार के लिए आवश्यक बातें लिखी हों स्मृतिपट।
तख्तगाह (تختگاہ) फा स्त्री –राजधानी राजगद्दी, दारुस्सल्तनत।
तख्तनशीं (تخت نشیں) फा वि –तख्त पर बैठनेवाला, बादशाह राजा नायक।
तख्तनशीनी (تخت نشینی) फा स्त्री –तख्त पर बैठना बादशाह बनना तख्त पर बैठने की रस्म ताजपोशी अभिषेक राज्याभिषेक अपने शासक होने की घोषणा।
तख्तिय (تختیہ) अ पु –किसी के नाम की गलती पकड़ना।
तख्ती (تختی) फा स्त्री –बच्चों के लिखने का लकड़ी का छोटा तख्ता पाटी लकड़ी का बहुत छोटा तख्ता जो घर्रे आदि में डाला जाता है।
तख्तेआबनूसी (تختِ آبنوسی) फा पु –रात्रि रात।
तख्तेख्वाब (تختِ خواب) फा पु –पलग चारपाई।
तख्तेताऊस (تختِ طاؤس) फा पु –शाहजहाँ का बनवाया हुआ सिंहासन जिस पर एक रत्नजटित मोर पर फैलाए बादशाह के सर पर छाया किए था नादिरशाह इस तख्त को ईरान ले गया।
तख्तेरवाँ (تختِ رواں) फा पु –वह तख्त जो कहारों के द्वारा कंधों पर चलता है और जिस पर बादशाह सैर को जाता है।
तख्तेशाही (تختِ شاہی) फा पु –राजसिंहासन बादशाह के बैठने का तख्त।
तख्तेसुलेमानी (تختِ سلیمانی) फा अ पु –वह तख्त जिस पर बैठकर हजरत सुलैमान उड़ा करते थे।
तख्तोताज (تخت و تاج) फा पु –सिंहासन और राजमुकुट हुकूमत का इतिहास।

तख़्दीर (تخدیر) अ स्त्री –शरीर के किसी अग को दवाओ के द्वारा सुन्न कर देना, स्त्री को पर्दे मे बिठाना।

तख़्फ़ीफ़ (تخفیف) अ स्त्री –न्यूनीकरण, कमी करना, हलकापन, कमी।

तख़्मीनः (تخمینه) अ पु –अनुमान, अटकल, अदाजा, विचार, कियास।

तख़्मीन (تخمین) अ स्त्री –अनुमान करना, अदाजा लगाना।

तख़्मीनन (تخمیناً) अ वि –अदाजन, अनुमानत, कम से कम, या जियादा से जियादा।

तख़्मीर (تخمیر) अ स्त्री –खमीर उठाना, आटे मे नमक और सोडा मिलाकर रखना, दवाओ मे रस या पानी आदि डालकर धूप मे रखना या जमीन मे गाडना।

तख़्मीस (تخمیس) अ स्त्री –पाँच करना, पाँच बनाना, उर्दू शाइरी की परिभाषा मे, शे'र के दो मिस्रो मे तीन मिस्रे और जोडकर पाँच कर देना, खम्स, वह शे'र अपना हो या किसी और का, प्राय खम्स, एक शे'रका नही होता बल्कि पूरी गजल का होता है।

तख़्रिजः (تخرجه) अ पु –निकालना, खारिज करना, निष्कासन, उर्दू काव्य-परिभाषा मे किसी तारीखी मिस्रे मे से कोई सख्या कम करना, ताकि मिस्रे से ठीक साल निकल सके।

तख़्रीब (تخریب) अ स्त्री –तामीर का उलटा, विनष्ट करना, बरबाद करना, ध्वस्त करना, मुहदिम करना, किसी काम को बिगाडना, विनाश, बरबादी, विध्वस, तबाही, बिगाड, खराबी।

तख़्लियः (تخلیه) अ पु –खाली करना, खाली कराना, एकान्त, खल्वत।

तख़्लीक़ (تخلیق) अ स्त्री –उत्पत्ति करना, सृजन, पैदा करना।

तख़्लीत (تخلیط) अ स्त्री –गडबड करना, गडमड करना, सल्लमल्त करना, मिलाना, किसी मूल ग्रथ मे कुछ इधर-उधर का जोड देना; सच्ची बात मे अपनी ओर से कुछ झूठ मिला देना।

तख़्वीफ़ (تخویف) अ स्त्री –त्रासन, त्रासना, डराना, धमकी देना, आतक दिखाना।

तख़्वीफ़े मुज्रिमानः (تخویف مجرمانه) अ स्त्री –अवैध त्रास, नाजाइज धमकी देकर कुछ प्राप्त करने की कोशिश।

तख़्सीस (تخصیص) अ स्त्री –विशेषता, मुख्यता, खुसूसियत।

तख़्सीसी (تخصیصی) अ वि –खुसूसियत का, विशेष रूप मे।

तग (تگ) फा स्त्री –दौड, भाग, प्रयत्न, कोशिश, उर्दू में अकेला नही आता दूसरे शब्द से मिलकर आता है, जैसे–'तगोदौ'।

तग़ज़्ज़ी (تغذی) अ स्त्री –खाना खाना, सवेरे का खाना खाना।

तग़ज़्ज़ुल (تغزل) अ पु –गजल का रग, गजलीयत।

तग़न्नी (تغنی) अ स्त्री –गाना, अलापना, नि.स्पृह होना, बेनियाजी।

तग़य्युर (تغیر) अ पु –बदलना, पलटना, परिवर्तन होना, परिवर्तन, तब्दीली, विकार, खराबी, रूप, गध या दशा का बदल जाना, क्रान्ति, इन्किलाब।

तग़य्युरपसंद (تغیرپسند) अ फा वि –जो परिवर्तन को पसद करता हो, परिवर्त्तनप्रिय।

तग़य्युरात (تغیرات) अ पु –'तग़य्युर' का बहु, परिवर्तन, तब्दीलियाँ; दुर्घटनाएँ, कालचक्र।

तगर्ग (تگرگ) फा पु –ओला, घनोपल, मरुत्फल, वार्पिला, मेघपुष्प, करका।

तगल (تگل) फा पु –सेना, फौज।

तग़ल्लुब (تغلب) अ पु –गबन, खुर्दबुर्द, अपहरण, छल-हरण, मोषण, खियानत।

तग़श्शी (تغشی) अ स्त्री –छिपाना, गोपन, पहनना, ओढना।

तगापो (تگاپو) फा स्त्री –पराक्रम, दौड-धूप, प्रयत्न, कोशिश, तलाश, खोज, चिन्ता, फिक्र।

तग़ाफ़ुल (تغافل) अ पु –उपेक्षा, बेतवज्जुही, "क्यो तगाफुल मुझ से अय अब्रे करम बहरे सखा––मै ही क्यो महरूम तेरे फैजे आलमगीर से।" असावधानी, गफलत, ढील, विलब, देर।

तग़ाफ़ुलआश्ना (تغافل آشنا) अ फा वि –जान-बूझकर बेपरवाही बरतनेवाला, ढील डालनेवाला, बेपरवा माशूक।

तग़ाफ़ुलकेश (تغافل کیش) अ फा वि –दे 'तगाफुल आश्ना, "अय निगाहे नाज तेरी यह तगाफुल केशियाँ? लुत्फे-तनहाई मुझे हासिल तेरी महफिल मे है।"

तग़ाफ़ुल दस्तगाह (تغافل دستگاه) अ फा वि –दे 'तगा-फुलआश्ना'।

तग़ाफ़ुलदोस्त (تغافل دوست) अ फा वि –दे 'तगा-फुलआश्ना'।

तग़ाफ़ुलदोस्ती (تغافل دوستی) अ फा स्त्री –जान-बूझकर बेपरवाही बरतना, देर लगाना।

तग़ाफ़ुलपसंद (تغافل پسند) अ फा. वि –दे 'तगाफुल-आश्ना'।

तग़ाफ़ुलपसदी (تغافل پسندی) अ फा स्त्री –दे 'तगाफुलदोस्ती'।
तग़ाफ़ुलपेश (تغافل پیشہ) अ फा वि–दे 'तगाफुल आश्ना'।
तग़ाफ़ुलपेशगी (تغافل پیشگی) अ फा स्त्री–दे तगाफुलदोस्ती।
तग़ाफ़ुलमनिश (تغافل منش) अ फा वि–दे तगाफुलआश्ना।
तग़ाफ़ुलमनिशी (تغافل منشی) अ फा स्त्री–दे 'तगाफुल दोस्ती'।
तग़ाफ़ुलशिआर (تغافل شعار) अ वि–दे तगाफुलआश्ना।
तग़ाफ़ुलशिआरी (تغافل شعاری) अ स्त्री–दे तगाफुल दोस्ती।
तग़ाफ़ुलशेव (تغافل شیوہ) अ फा वि–दे तगाफुल आश्ना।
तग़ाफ़ुलशेवगी (تغافل شیوگی) अ फा स्त्री–दे तगाफुलदोस्ती।
तग़ाबुन (تغابن) अ पु–एक दूसरे को घाटा पहुचाना, टोटा घाटा।
तगामशी (تگامشی) फा स्त्री–दौड धूप तगापो परिश्रम प्रयास जाँफिशानी।
तग़ायुर (تغایر) अ पु–परस्पर एक दूसरे से विपरीत होना विभिन्नता इख्तिलाफ।
तग़ार (تغار) फा पु–बडा तसला गारे का कुड मिट्टी का नाद।
तग़ीर (تغیر) अ स्त्री–दे तगईर'।
तग़य्युर (تغیر) अ पु–दे तगय्युर' परिवतन क्रान्ति।
तग़य्युरात (تغیرات) अ पु–दे तगय्युरात'।
तगोताज (تگ و تاز) फा स्त्री–दे तगापो।
तगोदौ (تگ و دو) फा स्त्री–दे तगापो'।
तग़ईर (تغییر) अ स्त्री–बदलना कुछ का कुछ कर देना, परिवतन तब्दील।
तग़ज़िय (تغذیہ) अ पु–खाना देना अन्न देना परवरिश करना विकास देना।
तग़ज़ील (تغزل) अ स्त्री–गूज्जल कहना गजल करना।
तग़मीज़ (تغمیض) अ स्त्री–आँखें बन्द करना।
तग़रीक़ (تغریق) अ स्त्री–डुबाना गर्क करना।
तग़रीब (تغریب) अ स्त्री–निर्वासन देना जलावतन करना।
तग़रीम (تغریم) अ स्त्री–तावान लेना हर्जा वसूल करना।
तग़लीक़ (تغلیق) अ स्त्री–बाँधना, लपटना।
तग़लीज़ (تغلیظ) अ स्त्री–गाढा करना सख्ती करना।
तग़लीत (تغلیط) अ स्त्री–गलती में डालना भुला देना।
तग़लील (تغلیل) अ स्त्री–सुगंधित करना खुशबू में बसाना।
तज़क्की (تزکی) अ स्त्री–पाक करना, पवित्र करना, माल में से ज़कात देना।
तज़क्कुर (تذکر) अ पु–स्मरण करना, याद करना स्मरण होना याद आना।
तज़क्क़ी (تزقی) अ स्त्री–टुकडे-टुकडे होना।
तज़ब्जुब (تذبذب) अ पु–असमजस ऊहापोह दुविधा सदेह शका, शक।
तज़म्मुन (تضمن) अ पु–स्वीकार करना अतगत करना या होना।
तज़म्मुल (تجمل) अ पु–सौदय, हुस्न, वभव शानोशौकत, धन-सपत्ति शृगार और आभूषणादि से शरीर की सजावट।
तज़य्युन (تزین) अ पु–सुसज्जित होना शृगारित होना, शोभित होना शृगार सजावट शोभा।
तज़र्रुद (تجرد) अ पु–अकेलापन तनहाई स्त्री के बिना जीवन व्यतीत करना सन्यास वराग्य दरवेशी, ससार से विरक्ति निस्पृहता नग्नता, नगापन।
तज़र्रुर (تضرر) अ पु–हानि उठाना नुक्सान पाना, दुखित होना रजूर होना।
तजर्रो' (تجرع) अ पु–घूट घूट करके पीना।
तज़र्रो' (تضرع) अ पु–गिडगिडाहट मिन्नत, समाजत।
तज़व (تذرو) फा पु–एक प्रसिद्ध चिडिया, चकोर।
तज़ल्ज़ुल (تزلزل) अ पु–कपन, हिलना-डोलना भूकप ज़लज़ला हलचल खलबली सनसनी क्रान्ति इन्क्लाब अस्थिरता डगमगाहट।
तज़ल्लियात (تجلیات) अ स्त्री–तजल्ली का बहु, प्रकाश समूह रौशनियाँ।
तज़ल्ली (تجلی) अ स्त्री–प्रकाश आभा नूर तेज प्रताप जलाल अध्यात्मयोनि नूरेहक।
तज़ल्लीखेज़ (تجلی خیز) अ फा वि–दे तजल्लीरेज़'।
तज़ल्लीगाह (تجلی گاہ) अ फा स्त्री–रौशनी और प्रकाश का स्थान, सुन्दरियों का स्थान।
तज़ल्लीज़ार (تجلی زار) अ फा पु–वह स्थान जहाँ प्रकाश ही प्रकाश हो जहाँ सौन्दय ही सौन्दय हो।
तज़ल्लीरेज़ (تجلی ریز) अ फा वि–प्रकाश फलानेवाला रौशनी बरसानेवाला।
तज़ल्लुम (تظلم) अ पु–किसी के अत्याचार पर दुहाई देना और फिरयाद करना।

तजल्लुल (تزلل) अ पु –लडखड़ाहट, लग्जिश।

तजव्वुज (تزوج) अ पु –व्याह करना, वीवी वनाना, पति बनाना, 'तजव्वुद' (अ) भी शुद्ध है।

तजस्सुस (تجسس) अ पु –जिज्ञासा, पूंछताछ, गवेषणा, मार्गण, तलाश, खोज, दौड-धूप, प्रयास।

तजस्सुसकुनाँ (تجسس کناں) अ फा वि –खोज करता हुआ, ढूंढता हुआ, पूछताछ करता हुआ।

तज़ाउफ़ (تضاعف) अ पु –दूना होना, दुगुना होना।

तज़ाद (تضاد) अ पु –एक दूसरे के विरुद्ध होना, एक दूसरे का शत्रु होना, विरोध, प्रतिकूलता, इख्तिलाफ, शत्रुता, रिपुता, दुश्मनी।

तजहहुद (تزهد) अ पु –जाहिद वनना, आविद वनना, जगत् से विरक्त होना, 'जुह्द' से वना।

तज़ायुक़ (تضایق) अ पु –तग होना।

तज़ायुद (تزاید) अ. पु –अधिक होना, जियादा होना, अधिकता, बहुतायत से वना।

तजारिब (تجارب) अ पु –'तज्रिव' का वहु, तज्रिवे, 'तजुर्वा' भी प्रचलित है।

तजावुज़ (تجاوز) अ पु –अपनी हद से वढ जाना, सीमोल्लघन, अपने इख्तियार से वाहर कोई काम करना, अवज्ञा, हुक्मउदूली, धृष्टता, गुस्ताखी।

तजाहुल (تجاهل) अ पु –जान-वूझकर अनजान वनना, वेखवर और अनजान होना, उपेक्षा, लापरवाही।

तजाहुले आरिफ़ानः (تجاهل عارفانه) अ पु –जानते हुए यह जाहिर करना कि जानते नही, जान-वूझकर अनजान वनना।

तज़्ईअ' (تضییع) अ स्त्री.–व्यर्थ खोना, वरवाद करना।

तज़्ईए औक़ात (تضییع اوقات) अ स्त्री –समय का व्यर्थ नष्ट करना।

तज़्ईन (تزئین) अ स्त्री –अपने को वनाना, सँवारना, शृगार, सज्जा, वनाव, सिंगार।

तज़्ईफ़ (تضعیف) अ स्त्री –दूना करना, निर्वल करना।

तज़्कार (تذکار) अ पु –चर्चा करना, जिक्र करना, स्मृति, यादगार, चर्चा, जिक्र।

तज़्कियः (تزکیه) अ पु –शुद्ध करना, पवित्र करना, माल की जकात देना, शुद्धि, सफाई।

तज़्किरः (تذکره) अ पु –चर्चा, जिक्र, वार्तालाप, वातचीत, ख्याति, शुहरत, परिपत्र, पासपोर्ट; प्रसग, सिलसिला।

तज़्कीर (تذکیر) अ स्त्री –पुंल्लिग वनाना, याद दिलाना; पुल्लिग।

तज़्कीरो तानीस (تذکیروتانیث) अ. स्त्री.–पुल्लिग और स्त्रीलिग, याद करना और उन्स (प्रेम) करना।

तज्ज़ियः (تجزیه) अ पु –अलग-अलग करना, टुकडे-टुकड़े करना, किसी पदार्थ के सारे अवयव अलग-अलग करके उनकी जाँच करना।

तज्दीद (تجدید) अ स्त्री –नवीनीकरण, नया वनाना, नवीनता, नयापन।

तज्दीदेअह्द (تجدید عهد) अ स्त्री –प्रतिज्ञा भग हो जाने पर फिर से प्रतिज्ञा करना, नये सिरे से दुवारा वादा करना, नव्य प्रतिज्ञा।

तज्दीदे मुलाक़ात (تجدید ملاقات) अ स्त्री –मुलाकात को वहुत दिन हो जाने पर फिर से मुलाकात करना।

तज्नीस (تجنیس) अ स्त्री –एकलिगता, एक जिस होना, एकरूपता, हमशक्ली, एक शब्दालकार, जिसमे किसी शे'र मे एक-जैसे शब्द लाये जाते है, यमक।

तज्फ़ीफ़ (تجفیف) अ स्त्री –सुखाना, खुश्क करना।

तज़्मीद (تضمید) अ स्त्री –किसी अग विशेष पर दवा का लेप करना; लेप, प्रलेप, जिमाद।

तज़्मीन (تضمین) अ.पु –किसी को जामिन वनाना, किसी को अपनी पनाह मे लेना, किसी के शे'र या मिस्रे को अपने शेरो मे प्रयोग करना, खम्स करना, दो मिस्रो पर तीन मिस्रे और लगाना।

तज्रिबः (تجربه) अ पु –परीक्षा, जाँच, अनुभव, जानकारी, किसी विषय या कार्य के सारे ऊँच-नीच या अच्छे-बुरे की खवर, 'तज्रुवा' और 'तजरवा' दोनो ही प्रचलित है।

तज्रिबःकार (تجربه کار) अ फा वि –जिसे किसी काम का काफी तज्रिवा हो, अनुभवी, जिसे सासारिक व्यवहार का अनुभव काफी हो, वहुदर्शी।

तज्रीद (تجرید) अ स्त्री –किसी चीज पर से उसका सामान उतारकर उसे अपनी असली दशा मे कर देना, नगा कर देना; सँवारना, सजाना, (काट छाँटकर); सुधार करना, दुरुस्ती करना, अकेला जीवन व्यतीत करना, ब्रह्मचर्य।

तज़्लील (تذلیل) अ स्त्री –अपमान, तिरस्कार, वेइज्जती, 'जिल्लत' से वना।

तज्वीज़ (تجویز) अ स्त्री –विचार, खयाल, मति, सलाह, राय; प्रवध, इतिजाम, योजना, ममूवा, प्रयत्न, उपाय, कोशिश, निर्णय, फैसला, रिजोल्यूशन, प्रस्ताव।

तज़्वीज (تزویج) अ स्त्री –विवाह, पाणिग्रहण, व्याह, निकाह।

तज्वीद (تجوید) अ स्त्री –निर्मल और स्वच्छ करना; किसी शब्द का शुद्ध उच्चारण करना, हाफिजो की परि-

भाषा में कुरान का शुद्ध उच्चारण और पूर्ण नियम से पढ़ना।

तज्वीफ (تجويف) अ स्त्री–अंदर से खोखला करना, खाका, सुषिर।

तज़्वीर (تزوير) अ स्त्री–धोखा, छल, कपट, फरेब, मिथ्या, असत्य, झूठ।

तज़्हीक (تضحيك) अ स्त्री–हँसी उड़ाना, ठठोल करना, तिरस्कार करना, निन्दा करना।

तजहीज़ (تجهيز) अ स्त्री–मुर्दे के लिए जरूरी सामान तैयार करना, जैसे–कफन के लिए कपड़ा, गुस्ल के लिए इत्र, काफूर, कब्र के लिए तख्ते, गुलाबजल आदि। यह शब्द अकेला प्रयुक्त नहीं है, तक्फीन के साथ आकर 'तज्हीजो तक्फीन' बोला जाता है, जैसे–तक्फीन अलग नहीं बोला जाता।

तज्हीज़ोतक्फीन (تجهيز و تكفين) अ स्त्री–मुर्दे को यथानियम नहला धुलाकर और कफन में लपेटकर ... तैयार करना।

तज़्हीब (تذهيب) अ स्त्री–सोना चढ़ाना, सोने का मुलम्मा चढ़ाना, सोने का काम करना।

ततब्बो (تتبع) अ पु–अनुसरण, अनुकरण, तक्लीद, इत्तिबाअ।

ततर (تتر) फा पु–'तातार' का लघुरूप, दे 'तातार'।

ततरी (تتری) फा वि–तातार का, तातारियों का, तातार या तातारियों से सम्बद्ध।

तताबुक़ (تطابق) अ पु–समानता, सम्बन्ध, बराबरी, तुल्यता, उपमा, मुशाबहत।

ततार (تتار) फा पु–'तातार' का लघुरूप, दे 'तातार'।

तताबुल (تطاول) अ पु–अहंकार, घमंड, द्रोह, सरकशी, अत्याचार, दस्तन्दाज़ी।

ततिम्मा (تتمه) अ पु–ट्टी चीज़ का बकीया और आखिरी हिस्सा, किताब का वह अंश जो बाद को उसमें जोड़ा जाय, पूरक, परिशिष्ट।

ततबीक़ (تطبيق) अ स्त्री–एक चीज़ को दूसरे के मुताबिक करना।

तत्वील (تطويل) अ स्त्री–लम्बा करना, फैलाना, लम्बाई, फैलाव।

तत्हीर (تطهير) अ स्त्री–पवित्र करना, शुद्ध करना, पाक करना, पवित्रता, शुद्धता, पाकीज़गी।

तदब्बुर (تدبر) अ पु–काम करने से पहले उसका परिणाम सोचना, दूरदर्शिता, दूरबीनी।

तदम्मुन (تدمن) अ पु–सभ्यनिष्ठता, दीनदारी, सत्यनिष्ठा, दियानतदारी।

तदब (تدو) फा पु–एक पक्षी, चकोर, दे 'तजर्व'।

तदाख़ुल (تداخل) अ पु–एक चीज़ का दूसरी चीज़ में दाखिल होना, एक खाना हज़्म होने से पहले दूसरा खाना खा लेना।

तदाखुले फस्लैन (تداخل فصلين) अ पु–दो ऋतुओं की संधि, दो ऋतुओं का संधिकाल, दो मौसिमों के मिलने का समय।

तदाबीर (تدابير) अ स्त्री–'तद्बीर' का बहु, तद्बीरें।

तदारुक (تدارک) अ पु–खोयी हुई चीज़ का पता लगाना, रोक, प्रतिरोध, सुधार, इस्लाह, यत्न, उपाय, तद्बीर, ऐसा उपाय जिससे कोई बुरा काम रुक जाय।

तदावी (تداوی) अ स्त्री–चिकित्सा, उपचार, इलाज।

तदयुन (تدين) अ पु–दे 'तदय्युन'।

तदक़ीक़ (تدقيق) अ स्त्री–बारीक करके कूटना, ... सोचना विचारना।

तदफीन (تدفين) अ स्त्री–मुर्दे को ज़मीन में गाड़ना, दफ्न करना, दफ्न से बना।

तदबीर (تدبير) अ स्त्री–उपाय, तरकीब, प्रयत्न, ... उपचार, इलाज, चालाकी, चतुराई, ... प्रबंध, इन्तिज़ाम, पेशबन्दी, एहतियात।

तदबीरे मंज़िल (تدبير منزل) अ स्त्री–घर-गृहस्थी का प्रबंध।

तद्रीज (تدريج) अ स्त्री–धीरे धीरे होना, शनैः शनैः।

तद्रीस (تدريس) अ स्त्री–पढ़ाना, पाठन।

तदवीन (تدوين) अ स्त्री–एकत्र करना, संग्रह करना, रचना, बनाना, सम्पादन करना।

तद्वीर (تدوير) अ स्त्री–चारों ओर घुमाना, ज्योतिष की परिभाषा में आकाश का वह विशेष भाग जो किसी आकाश के अंतर्गत हो।

तद्हीन (تدهين) अ स्त्री–तेल चुपड़ना, चिकना करना।

तन (تنہ) फा पु–वृक्ष का वह भाग जो उसकी जड़ से वहाँ तक हो जहाँ से डालियाँ निकलती हैं, पेड़ी।

तन (تن) फा पु–देह, शरीर, काया, वपु, तनु, गात्र, जिस्म, बदन, व्यक्ति, पुरुष, आत्मा।

तनआसाँ (تن آسان) फा वि–दे 'तनासाँ'।

तनआसानी (تن آسانی) फा स्त्री–दे 'तनासानी'।

तनख़्वाह (تنخواه) फा स्त्री–काम का वह वेतन जो महीने पर मिले, वेतन, तलब।

तनख़्वाहदार (تنخواه دار) फा वि–तनख्वाह पर काम करनेवाला, तनख्वाह पानेवाला, वेतनभोगी, मज़दूर।

तनग़्गुस (تنغص) अ. पु –खिन्नता, मलिनता, तकद्दुर, वदमजगी।

तनज़्ज़ुल (تنزل) अ. पु –नीचे उतरना, नीचे आना, अवनति, पतन, जवाल, दरजा टूटना, पदह्रास, तनख्वाह मे कमी होना; ह्रास, कमी, इनहितात, अपदस्थता।

तनदिही (تن دهی) फा स्त्री –तन्मयता, संलग्नता, इन्हिमाक, पराक्रम, परिश्रम, मेहनत।

तनदुरुस्त (تندرست) फा. वि –जिसके शरीर मे किसी प्रकार का विकार न हो, निरामय, नीरोग, सुस्थ, स्वस्थ।

तनदुरुस्ती (تن درستی) फा. स्त्री –स्वास्थ्य, नीरोगिता, सेहतमदी।

तनपरस्त (تن پرست) फा वि –काम न करनेवाला, आलसी; आरामतलव, सुखेच्छु।

तनपरस्ती (تن پرستی) फा स्त्री –निकम्मापन, निठल्लापन, आलस, काहिली, सुस्ती।

तनपर्वर (تن پرور) फा वि –दे 'तनपरस्त'।

तनपर्वरी (تن پروری) फा स्त्री –दे 'तनपरस्ती'।

तनफ़्फ़ुर (تنفر) अ. पु –घृणा, नफरत, घिन।

तनफ़्फ़ुस (تنفس) अ पु –साँस की आमदरफ्त, प्राणवृत्ति; श्वासकास, श्वास रोग, दमे की वीमारी।

तन व तक़्दीर (تن بہ تقدیر) फा अ. अव्य –भाग्य के सहारे, किस्मत के भरोसे पर, जो भी हो।

तनब्बुह (تنبه) अ पु –आगाह होना, जानना, सतर्क होना, चेत जाना, सावधान होना, होशियार हो जाना।

तनव्वो' (تنوع) अ पु –चित्र-विचित्र होना, रगविरगी होना, भाँति-भाँति होना, नवीनता, नयापन, जिद्दत।

तनहा (تنہا) फा वि –एकाकी, अकेला, एकमात्र, केवल, सिर्फ, रिक्त, खाली।

तनहाई (تنہائی) फा स्त्री –अकेलापन, एकान्त, गोशा।

तना'उम (تنعم) अ. पु –लाड-प्यार और सुख-चैन मे जीवन व्यतीत हो, सुख, चैन, लाड-प्यार, ऐश।

तनाकुज़ (تناقض) अ पु –एक दूसरे के विपरीत और उलटा होना, प्रतिकूलता, विपरीतता, वैमनस्य, मनमुटाव, रजिश।

तनाकुस (تناقص) अ पु –दोप, ऐव, त्रुटि, भूल, अशुद्धि, गलती।

तनाज़ो' (تنازع) अ पु –सघर्ष, कशाकश, खीचातानी।

तनाज़ो' लिलवक़ा (تنازع للبقا) अ पु –जिंदा रहने के लिए परिश्रम और पराक्रम, जीवन-सघर्ष।

तनाफ़ुर (تنافر) अ पु –एक दूसरे से घृणा करना, एक दूसरे से भागना; साहित्य की परिभाषा के अनुसार किसी पद मे दो शब्दो के उन दो अक्षरो का पास-पास होना जिनका उद्गम एक हो।

तनाव (طناب) अ स्त्री –रावटी और तंवू मे लगनेवाली रस्सी, जिसके सहारे वे खडे होते है।

तनावे अमल (طناب امل) अ स्त्री –उम्मेद की डोरी, आशारूपी डोर, आशा-सूत्र, आशा, आस, उम्मेद।

तनावे उम्र (طناب عمر) अ स्त्री –आयुसूत्र, आयुकाल, उम्र की लम्बाई।

तनावर (تناور) फा वि –स्थूल, मोटा-ताजा; दृढाग, कवीजुस्स।

तनावुल (تناول) अ पु –भोजन आदि खाना, सहन करना, उठाना।

तनासाँ (تن آساں) फा. वि –काहिल, सुस्त, आलसी, आरामतलव, निकम्मा, वेकार।

तनासानी (تن آسانی) फा स्त्री –निकम्मापन, आलस, सुस्ती, आरामतलवी।

तनासुख (تناسخ) अ पु –प्राण का एक शरीर से निकलकर दूसरे शरीर मे जाना, आवागवन, आवागमन।

तनासुव (تناسب) अ पु –परस्पर निस्वत रखना, किसी पदार्थ के तमाम अगो मे जिसको जितना होना चाहिए उतना होना, किन्ही दो चीजो मे परस्पर मुनास्वत।

तनासुवे अज्ज़ा (تناسب اجزا) अ पु –किसी नुस्खे की तमाम दवाओ की वाहमी मुनासवत, जैसे—किसी सावुन के नुस्खे मे कास्टिक १ सेर, सेलीकेट १½ सेर, पानी चार सेर, तेल आठ सेर आदि, भागानुपात।

तनासुवे आ'ज़ा (تناسب اعضا) अ पु –शरीर मे अगो का सुडौलपन, अंग-सौष्ठव, अंग-सहति, अगानुपात।

तनासुल (تناسل) अ पु –नर और मादा का मिलकर सतान उत्पन्न करना, नस्ल वढाना। यह शब्द अकेला प्रयुक्त नही होता, तवालुद के साथ 'तवालुदो तनासुल' वोला जाता है, दे 'तवालुद'।

तनीन (طنین) अ. स्त्री –भिनभिनाहट, सनसनाहट।

तनूर (تنور) फा पु –खमीरी रोटी पकाने की गहरी डहरनुमा भट्ठी, तदूर, तन्नूर।

तने तन्हा (تن تنہا) फा वि –विलकुल अकेला, एकाकी, नकददम, फकतदम।

तने वेजाँ (تن بے جاں) फा वि –शव, लाश, प्राणहीन शरीर।

तनोतोश (تن وتوش) फा पु –शरीर का भारी भरकमपन, मोटाताजापन।

तनोमंद (تنومند) फा वि –स्वस्थ, नीरोग, तन्दुरुस्त, हृष्टपुष्ट, मोटा-ताजा, दृढाग।

तनका (تنکہ) तु पु –प्रचलित मुद्रा, चाहे वह सोने की हो या चाँदी की या ताँबे की या किसी अन्य धातु की।

तनक़िया (تنقیہ) अ पु –पेट साफ़ करना, जुलाब लेना, विरेचन।

तनक़ियए ताम (تنقیۂ تام) अ पु –ऐसा जुलाब जिससे शरीर के सारे अंगों का दूषित मवाद निकल जाय।

तनक़ीद (تنقید) अ स्त्री –परख, पड़ताल, समीक्षा, किसी पुस्तक या निबंध के मज़मून की समीक्षा, समालोचना।

तनक़ीस (تنقیص) अ स्त्री –कम करना, घटाना, तिरस्कार, अपमान, बेइज़्ज़ती, निन्दा, हज्‍व।

तनक़ीह (تنقیح) अ स्त्री –किसी चीज़ में से मिलावट निकालकर उसे शुद्ध और निर्मल करना, न्यायालय की परिभाषा में वादी या अभियोग के आधारभूत विषयों की समीक्षा।

तपे कुहन (تپِ کہنہ) फ़ा स्त्री –पुराना बुख़ार, जीर्ण ज्वर।

तपे दरूँ (تپِ دروں) फ़ा स्त्री –मनस्ताप, मानसिक व्यथा, रूही तक्लीफ़, मनोदाह।

तपे दिक़ (تپِ دق) फ़ा स्त्री –राजयक्ष्मा, क्षयरोग, यक्ष्मा, क्षयी रोग।

तपे नौबत (تپِ نوبت) फ़ा अ स्त्री –बारी से आनेवाला ज्वर, जैसे—इक्तरा, तिजारी, चौथिया आदि।

तपे मोहरक़ (تپِ محرقہ) फ़ा अ स्त्री –मीआदी बुख़ार, टाईफ़ाइड, मोतीझरा।

तपे लर्ज़ा (تپِ لرزہ) अ फ़ा स्त्री –कंपकंपी के साथ आने वाला बुख़ार, मलेरिया, शीत ज्वर।

तपोलर्ज़ा (تپ و لرزہ) अ फ़ा पु –बुख़ार और कँपकँपी।

तफ़ (تف) फ़ा स्त्री –उष्णिमा, गरिमा, गर्मी, हरारत।

तफ़क़्क़ुद (تفقد) अ पु –खोई हुई चीज़ की तलाश

तफ़ह्हुश (تفحش) अ पु —गाली-गलौज करना, फुहश वकना; अश्लीलता, अशिष्टता, फक्कडपन, 'फुहुश' से बना।

तफ़ह्हुस (تفحص) अ. पु —खोज लगाना, ढूँढना, तलाश करना; खोज, तलाश, गवेषणा।

तफ़ाउल (تفاؤل) अ. पु —शगुन विचारना, फाल लेना।

तफ़ाख़ुर (تفاخر) अ पु —गर्व, अभिमान, फख्र, गौरव।

तफ़ारीक़ (تفاریق) अ. स्त्री —'तफ़्रीक़' का वहु, जुदाइयाँ; फर्क; किस्ते।

तफ़ारुक़ (تفارق) अ. पुं —एक दूसरे से जुदा होना, पृथक्ता, अलाहिदगी।

तफ़ावुज़ (تفاوض) अ. पु —साझा, भागीदारी, परस्पर परामर्श करना, विचार-विनिमय।

तफ़ावुत (تفاوت) अ पु —अन्तर, फासिला, दूरी; पृथक्ता, जुदाई; विलव, देरी।

तफ़ावुल (تفاول) अ पु —अच्छा शकुन लेना; शकुन विचारना।

तफ़ासीर (تفاسیر) अ स्त्री —'तफ़्सीर' का वहु, तफ्सीरे, महाभाष्य।

तफ़ासील (تفاصیل) अ स्त्री —'तफ्सील' का वहु, तफसीले, विवरण।

तफ़ासुल (تفاصل) अ पु —परस्पर अलग-अलग होना।

तफ़ूलियत (طفولیت) अ स्त्री —वाल्यावस्था, वचपन।

तफ़्ख़ीम (تفخیم) अ स्त्री —श्रेष्ठ मानना, श्रेष्ठ बनाना।

तफ़्जीअ (تفجیع) अ स्त्री —पीडित करना, दु:खित करना।

तफ़्ज़ील (تفضیل) अ स्त्री —एक को दूसरे पर प्रधानता देना, प्रधानता, तर्जीह, हजरत अली को पहले तीन खलीफाओ से श्रेष्ठ मानना।

तफ़्ज़ीली (تفضیلی) अ पु —वह सुन्नी मुसलमान जो हजरत अली को वाक़ी खलीफाओ मे सर्वश्रेष्ठ मानता हो।

तफ़्ज़ीह (تفضیح) अ स्त्री —निन्दा करना, वदनाम करना; निंदा, अपयश, वदनामी।

तफ़्तः (تفته), फा. वि —तप्त, दग्ध, जला हुआ।

तफ़्तःजाँ (تفته‌جاں) फा वि —दे 'तफ्त जिगर'।

तफ़्तःजिगर (تفته‌جگر) फा वि —दिलजला, दग्धहृदय, प्रेमी, आशिक़।

तफ़्ताँ (تفتاں) फा पु —रौगनी पराठा, धूप या आग पर सेकी हुई चीज।

तफ़्तीत (تفتیت) अ स्त्री —टुकडे-टुकडे करना, चूर-चूर करना।

तफ़्तीदः (تفتیده) फा वि —तपा हुआ, गर्म किया हुआ।

तफ़्तीर (تفطیر) अ. स्त्री.—रोजा खुलवाना।

तफ़्तीश (تفتیش) अ स्त्री.—खोज, तलाश, गवेषणा; पुलिस अफसर द्वारा किसी केस की जाँच-पडताल।

तफ़्तीह (تفتیح) अ. स्त्री.—खोलना।

तफ़्तीहे मसामात (تفتیح مسامات) अ स्त्री —पसीना के लिए शरीर के रोमकूपों को खोलना, (दवाओ द्वारा) वफारा द्वारा।

तफ़्नीद (تفنید) अ पु —भर्त्सना करना, डाँटना, फटकारना।

तफ़्रिक़ः (تفرقه) अ पु.—फूट, परस्पर विरोध; शत्रुता, दुश्मनी, पृथक्ता, जुदाई।

तफ़्रिक़:अंगेज (تفرقه‌انگیز) अ फा वि —दे 'तफ़्रिक़:-अदाज'।

तफ़्रिक़:अंगेजी (تفرقه‌انگیزی) अ फा स्त्री —दे 'तफ्रिक़:-अदाजी'।

तफ़्रिक़:अंदाज (تفرقه‌انداز) अ फा वि —दो व्यक्तियो या दलो मे परस्पर फूट डलवानेवाला।

तफ़्रिक़:अंदाजी (تفرقه‌اندازی) अ फा. स्त्री —परस्पर विरोध-भाव उत्पन्न करना।

तफ़्रिक़:परदाज (تفرقه‌پرداز) अ फा वि —दे 'तफ्रिक़ अदाज'।

तफ़्रिक़:परदाजी (تفرقه‌پردازی) अ फा स्त्री —दे 'तफ्रिक़-अदाजी'।

तफ़्रिक़:पर्वर (تفرقه‌پرور) अ. फा वि —दे 'तफ्रिक़ अंदाज'।

तफ़्रिक़:पर्वरी (تفرقه‌پروری) अ फा स्त्री.—दे 'तफ्रिक़-अदाजी'।

तफ़्रिक़: सामाँ (تفرقه‌ساماں) अ फा वि —फूट के सामान एकत्र करनेवाला, फूट फैलानेवाला।

तफ़्रिक़: सामानी (تفرقه‌سامانی) अ फा स्त्री —फूट के सामान एकत्र करके फूट फैलाना।

तफ़्रीक़ (تفریق) अ स्त्री —पृथक् करना, अलग करना; फूट डालना, दिलो मे भेद डालना, पृथक्ता, जुदाई; फूट, तफ्रिक़., वडी सख्या मे से छोटी सख्या घटाना, वाकी, व्यवकलन।

तफ़्रीत (تفریط) अ स्त्री —किसी काम मे आलस्य और वेपरवाही करना, नष्ट करना, वरवाद करना।

तफ़्रीद (تفرید) अ स्त्री —अकेला रह जाना, सवमे जुदा हो जाना, अकेला छोड देना।

तफ़्रीश (تفریش) अ स्त्री —फर्श विछाना, फर्श विछाकर मकान सजाना।

तफ़्रीस (تفریس) अ स्त्री —किसी दूसरी भाषा के शब्द को फार्सी वनाना।

तफ़रीह (تفریح) अ स्त्री—मनोविनोद मनोरंजन, दिल्लगी मज़ाक, सैर सपाटा विहार, क्रीडा, कौतुक, खेल तमाशा वक्त काटने के लिए मनबहलाव।

तफ़रीहगाह (تفریح گاہ) अ फा स्त्री—तफ़रीह की जगह विनोदस्थल क्रीडा-क्षेत्र।

तफ़रीहन (تفریحاً) अ वि—तमाशे और मनबहलाव के लिए मज़ाक के तौर पर, दिल्लगी में।

तफ़रीही (تفریحی) अ वि—मनबहलाव का, मनबहलाव से सम्बन्ध रखनेवाला।

तफ़रीहे तबअ (تفریح طبع) अ स्त्री—मनबहलाव, मनोविनोद मनोरंजन।

तफ़्वीज़ (تفویض) अ स्त्री—सिपुर्द करना हवाले करना हस्तान्तरण।

तफ़्सा (تفسان) फा वि—बहुत अधिक गर्म।

तफ़्सीदा (تفسیدہ) फा वि—बहुत गर्म।

तफ़्सीर (تفسیر) अ स्त्री—व्याख्या तशरीह, किसी धर्म ग्रंथ की व्याख्या भाष्य।

तफ़्सील (تفصیل) अ स्त्री—विस्तार विवरण, स्पष्टता, तौज़ीह।

तफ़्हीम (تفہیم) अ स्त्री—समझाना बोध कराना।

तब (تب) फा स्त्री—दे तप दोनों शुद्ध हैं।

तबक (طبقہ) अ पु—दे तबक शुद्ध उच्चारण यही है परंतु उर्दू में तबक ही बोलते हैं।

तबक (طبق) अ पु—बड़ी रिकाबी थाल परत तह तल सतह भग योनि।

तबकगर (طبق گر) अ फा वि—तबक बनानेवाला।

तबकचः (طبقچہ) अ फा पु—छोटा तबाक छोटी रिकाबी।

तबकज़न (طبق زن) अ फा स्त्री—चपटी लगानेवाली स्त्री सातरबाज़।

तबकात (طبقات) अ पु—तबक का बहु तबक परतें।

तबकातुलअर्ज़ (طبقات الارض) अ पु—पृथ्वी के परत ज़मीन के भीतरी परत या दर्जे।

तबख़ाल (تبخالہ) फा पु—वह छोटा फफोला जो गर्मी से होठों पर निकल आता है।

तबख़्तुर (تبختر) अ पु—नाज़ और गुरूर से चलना नाज़ गुरूर।

तबद्दुल (تبدل) अ पु—बदल जाना बदलना बदला करना परिवर्तन इनक़िलाब।

तबन्नी (تبنی) अ स्त्री—किसी बालक को गोद लेना बेटा बनाना।

तबर (تبر) फा पु—कुल्हाड़ा फरसा।

तबरज़द (طبرزد) फा स्त्री—कंद, शक्कर, मिश्री, सफ़ेद दानेदार चीनी।

तबरज़न (تبرزن) फा वि—कुल्हाड़ी चलानेवाला, लकड़हारा तबर बाँधे हुए सिपाही।

तबरज़ीं (تبرزین) फा पु—वह तबर जो सवार की ज़ीन के साथ हर वक्त कसा रहता है।

तबर्रा (تبرا) अ पु—उपेक्षा घृणा बेज़ारी, धिक्कार लानत मलामत गाली-गलौज अपशब्द लानत मलामत जो शीआ लोग पहले तीन ख़लीफ़ाओं की करते हैं।

तबर्राई (تبرائی) अ फा वि—गालियाँ बकनेवाला तीनों ख़लीफ़ाओं को बुरा भला कहनेवाला तबराबाज़।

तबर्राबाज़ (تبراباز) अ फा वि—दे तबर्राई।

तबर्रुक (تبرک) अ पु—वह चीज़ जिसमें बरकत होने का विश्वास हो, वह चीज़ जो किसी महात्मा या दरवेश से मिले वह प्रसाद जो किसी बुज़ुर्ग आदि की फ़ातहा का हो बुज़ुर्गों से सम्बन्ध रखनेवाली चीज़ बहुत थोड़ी-सी वस्तु (व्यंग) प्रसाद।

तबर्रुकन (تبرکاً) अ वि—तबर्रुक के तौर पर बरकत और मंगल के लिए प्रसादरूप से।

तबर्रुकात (تبرکات) अ पु—तबर्रुक का बहु तबर्रुक की चीज़ें बुज़ुर्गों से सम्बद्ध चीज़ें।

तबस्सुम (تبسم) अ पु—हलकी हँसी मुस्कुराहट मंदहास स्मित मन्दहास मुस्कान।

तबस्सुमकुनाँ (تبسم کناں) अ फा वि—मुस्कुराता हुआ।

तबह (تبہ) फा वि—तबाह का लघु, दे तबाह।

तबहकार (تبہ کار) फा वि—दे तबाहकार।

तबहहाल (تبہ حال) फा वि—दे तबाह हाल।

तबह्हुर (تبحر) अ पु—विद्वत्ता पाण्डित्य इल्म की गहराई धुरंधरता।

तबाअत (طباعت) अ स्त्री—मुद्रण छपाई।

तबाउद (تباعد) अ पु—एक दूसरे से दूर होना अंतर दूरी फ़ासिला।

तबाए (طبائع) अ स्त्री—तबाअत का बहु, प्रकृतियाँ तबीअतें।

तबाक (طباق) तु पु—बड़ी रिकाबी थाली परात खाना सजाने का बर्तन स्वान।

तबाकी (طباقی) उ वि—दस्तरख़्वान के साथी खाने भर के मीत हाली मवाली।

तबादुर (تبادر) अ पु—परस्पर दौड़ना दौड़ में आगे निकल जाना किसी काम को दूसरे से पहले कर लेना।

तबादुरे ज़ेह्न (تبادرذہن) अ पु.–जेह्न का किसी ओर तुरत जाना, तुरत ही कोई बात ध्यान मे आना।

तबादुल (تبادل) अ पु –बदलना, एक चीज की जगह दूसरी चीज लेना, एक चीज के स्थान पर दूसरी चीज रखना।

तबायुन (تباين) अ पु –विपरीतता, प्रतिकूलता, उलटापन, अतर, भेद, फर्क, पृथक्ता, अलाहिदगी।

तबार (تبار) फा. पु –वश, कुल, गोत्र, खानदान।

तबाशीर (تباشیر) फा पु –वशलोचन, तवक्षीर, एक प्रसिद्ध दवा; सवेरे की सफेदी, ऊषा, उषा।

तबाह् (تباہ) फा वि –नष्ट, ध्वस्त, बरबाद, जनशून्य, निर्जन, वीरान, निकृष्ट, दूषित, खराब, दुर्दशाग्रस्त, बदहाल।

तबाह्कार (تباہکار) फा वि –तबाही मचानेवाला, बरबादी फैलानेवाला, विनाशकारी, अत्याचारी, जालिम, बदचलन, कदाचारी।

तबाह् रोजगार (تباہ روزگار) फा वि –जमाने की गर्दिश का शिकार, कालचक्रग्रस्त, दुर्दशाप्राप्त, भाग्यध्वस्त।

तबाह्हाल (تباہحال) फा अ वि –मुसीबत का मारा, कालचक्र-पीड़ित, मुफ्लिस, दरिद्र, निर्धन।

तबाही (تباہی) फा. स्त्री –विनाश, बरबादी, विध्वस, खराबी, खँडहरपन, अत्याचार, जुल्म, निर्धनता, दरिद्रता, मुफ्लिसी, आपत्ति, विपत्ति, मुसीबत।

तबाहीज़दः (تباہی زدہ) फा वि –आफत का मारा, विपत्ति-ग्रस्त, निर्धन, कगाल, बेजर, भाग्यहीन, बदकिस्मत।

तबीअत (طبیعت) अ स्त्री –धर्म, स्वभाव, खासीयत, प्रकृति, निसर्ग, नेचर, जिबिल्लत; स्वभाव, आदत, रुचि, रगबत, जी, मन, दिल, चित्त; स्वास्थ्य या रोग के दृष्टिकोण से शरीर की दशा, मिजाज।

तबीई (طبیعی) अ वि–दे 'तब्ई', एक वैज्ञानिक शाखा जिसमे शारीरिक परिवर्तनो और गुणो का विवरण होता है; शरीर धर्मशास्त्र।

तबीख़ (طبیخ) अ पु.–औटाई हुई दवा आदि का पानी, जोशाँद।

तबीब (طبیب) अ पु.–दवा करनेवाला, उपचारक, चिकित्सक, वैद्य।

तबीरः (تبیرہ) फा पुं –नक्कारा, धौंसा, दुन्दुभी, भेरी।

तबीरःज़न (تبیرہزن) फा वि –नक्कारा बजानेवाला, भेरीकार।

तब्अ (طبع) अ स्त्री –स्वभाव, आदत, मुद्रण, छापना।

तब्अ आज़माई (طبع آزمائی) अ फा स्त्री –काव्य-रचना-शक्ति की जाँच, किसी समस्या की पूर्ति या किसी विषय पर कविता लिखना।

तब्अज़ाद (طبع زاد) अ फा वि –मन की प्रेरणा से उत्पन्न, गढत, अपनी विचार-शक्ति की पैदावार, कल्पित, फर्जी।

तब्अन् (طبعاً) अ वि –स्वभावत, स्वभाव से, दिल से।

तब्ई (طبعی) अ वि –स्वाभाविक, प्राकृतिक, नेचुरल, "अय शम्मा तेरी उम्र तब्ई (तबीई) है एक रात"–"जौक"।

तब्ईज़ (تبئیض) अ स्त्री –सफेद करना, सफेदी फेरना।

तब्ईन (تبئین) अ स्त्री –व्यक्त करना, जाहिर करना; कहना, बयान करना।

तब्ईयत (تبعیت) अ. स्त्री –अनुकरण, पदानुसरण, पैरवी।

तब्ए रवाँ (طبع رواں) अ. फा स्त्री –प्रतिभाशील तबीअत, तेज तबीअत, प्रवाहित कल्पना-शक्ति, उर्वरा प्रतिभा।

तब्ए रसा (طبع رسا) अ फा स्त्री –ऊँची उडान भरनेवाली तबीअत या काव्य-शक्ति।

तब्क़ः (طبقہ) अ. पु –वर्ग, श्रेणी, दर्जा, लोक, आलम; परत, तह; तल, दर्जा।

तब्क़ःवारानः (طبقہوارانہ) अ फा वि –वर्ग और श्रेणीवाला, छोटे बड़ेवाला, धार्मिक, फिर्कावारान।

तब्ख़ (طبخ) अ पु –पकना, पाक।

तब्ख़ीर (تبخیر) अ. स्त्री –एक रोग जिसमे खाने के पश्चात् आमाशय से भाप उठती है; भाप बनाना, वाष्पीकरण।

तब्ज़ीर (تبزیر) अ स्त्री –फुजूलखर्ची करना, अपव्यय, अतिव्यय, तितर-बितर करना, अस्त-व्यस्त करना।

तब्जील (تبجیل) अ. स्त्री –सत्कार और आदर करना; श्रेष्ठ और महान् जानना।

तब्दील (تبدیل) अ स्त्री.–बदलना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना, एक वस्तु देकर दूसरी वस्तु लेना।

तब्दीली (تبدیلی) अ स्त्री.–परिवर्तन, उथल-पुथल; एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना, स्थानातरण, एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु लेना; क्रान्ति, इनकिलाब।

तब्दीले आबोहवा (تبدیل آب وہوا) अ फा स्त्री –जलवायु का बदलना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना।

तब्दीले मज्हब (تبدیل مذہب) अ स्त्री –धर्म-परिवर्तन, मजहब की तब्दीली।

तब्दीले सूरत (تبدیل صورت) अ स्त्री –रूप-परिवर्तन, शक्ल बदल जाना, हुलया बदलना, बहुरुपिया बनना।

तब्दीले हैअत (تبدیل ہئیت) अ स्त्री –दे 'तब्दीले सूरत'।

तब्नियत (تبنیت) अ. स्त्री –के पालक बनाना, गोद लेना, मुतबन्ना करना।

तब्बाअ (طباع) अ वि–प्रतिभाशाली ज़हीन जीनियस।
तब्बाई (طباعی) अ स्त्री–प्रतिभा ज़हानत।
तब्बाख़ (طباخ) अ पु–रोटी पकानेवाला नानबाई खाना पकानेवाला बावरची सूपकार रसोइया।
तब्बाख़ी (طباخی) अ स्त्री–नानबाई का पेशा बावरची का पेशा।
तब्रीद (تبرید) अ स्त्री–ठंडाई वह ठंडाई जो जुलाब के बाद दी जाती है।
तब्रेज़ (تبریز) फा पु–ईरान के आज़रबाइजान प्रान्त का एक प्रसिद्ध नगर।
तब्रेज़ी (تبریزی) फा वि–तब्रेज़ का निवासी।
तब्ल (طبلہ) फा पु–लकड़ी की पिटारी खाल मढ़ा हुआ एक तरह प्रसिद्ध बाजा तबला।
तब्ल (طبل) फा पु–दुंदुभि भेरी धौंसा नक़्क़ारा।
तब्लए अंबर (طبلۂ عنبر) फा अ पु–अंबर की पिटारी वह डब्बा जिसमें अंबर रहता है।
तब्लक़ (طبلق) तु स्त्री–वह काग़ज़ जो पॉकिट बनाने के लिए ऊपर चलाया जाता है दोनों ओर से खुला हुआ लिफ़ाफ़ा काग़ज़ का मुट्ठा।
तब्ली (طبلی) अ वि–ढाल-जैसा ढालनुमा जल्धर की एक क़िस्म जिसमें पट ढोल की तरह बजता है।
तब्लीग़ (تبلیغ) अ स्त्री–प्रोपेगंडा प्रचार किसी बात को दूर तक फैलाना प्रसार।
तब्लीग़े मज़हब (تبلیغ مذہب) अ स्त्री–धर्म प्रचार मज़हब की तब्लीग़।
तब्ले जंग (طبل جنگ) फा पु–लड़ाई में बजनेवाला नक़्क़ारा रणभेरी रणदुंदुभि।
तब्लोअलम (طبل و علم) फा अ पु–लड़ाई का झंडा और नक़्क़ारा वह झंडा और नक़्क़ारा जो सूबेदारों और वज़ीरों की सवारी में साथ चलता है।
तब्वीब (تبویب) अ स्त्री–पुस्तक का परिच्छेदों और अध्यायों में विभाजन बाब=अध्याय से यह शब्द बना है।
तब्शीर (تبشیر) अ स्त्री–शुभ सूचना देना अच्छी ख़बर सुनाना आशीर्वाद देना।
तब्सिरः (تبصرہ) अ पु–आँखों में रौशनी पहुँचाना, अँस्वारा करना आलोचना समीक्षा तन्क़ीद।
तब्सिरःनिगार (تبصرہ نگار) अ फा वि–समालोचक समीक्षक तन्क़ीदनिगार।
तमए ख़ाम (طمع خام) अ फा स्त्री–झूठी अभिलाषा ऐसी इच्छा जो पूरी न हो मनमोदक।
तमस्सुक (تمسک) अ पु–जगह पकड़ना स्थिर होना ठहरना टिकना।
तमत्तो (تمتع) अ पु–लाभ प्राप्ति नफ़ा उठाना लाभ प्राप्ति नफ़ा।
तमद्दुद (تمدد) अ पु–खिंचाव, तनाव, लंबा होना दराज़ होना।
तमद्दुन (تمدن) अ पु–शहर में एक जगह मिल-जुलकर रहना और वहाँ का प्रबंध करना नागरिकता किसी देश का वेश भूषा उनके रहने-सहने का ढंग और उनका आचार व्यवहार।
तमन्ना (تمنا) अ स्त्री–कामना लालसा अभिलाषा आकांक्षा स्पृहा इच्छा ख़्वाहिश आरज़ू 'बज़्म में वह नज़र है सद तमन्ना-आग़ोश—दिल में है महफ़िल कोई या दिल मेरा महफ़िल में है।'
तमन्नाई (تمنائی) अ वि–इच्छुक अभिलाषी लालसी स्पृही आकांक्षी लिप्सु ख़्वाहिशमंद।
तमर (تمر) अ पु–सूखा हुआ खजूर छुहारा, ख़ुर्मा।
तमर हिंदी (تمر ہندی) फा स्त्री–इमली इमली का पेड़ इमली का फल, तिंतिड़ी।
तमरिस्तान (تمرستان) अ फा पु–खजूर का बाग़।
तमर्रुद (تمرد) अ पु–द्रोह, सरकशी, अवज्ञा नाफ़रमानी, अहंकार गर्व, घमंड धृष्टता, ढिठाई गुस्ताख़ी।
तमल्लुक़ (تملق) अ पु–चापलूसी, लल्लोपत्तो चाटुकारिता ख़ुशामद।
तमल्मुल (تململ) अ पु–व्याकुलता आतुरता बेचैनी बेआरामी जागने और सोने के बीच की अवस्था जब मनुष्य सोता है परन्तु कुछ-कुछ होश में होता है।
तमव्वुज (تموج) अ पु–पानी का मौजें मारना पानी में बार-बार से लहरें उठना हिल्लोल।
तमव्वुल (تمول) अ पु–धनाढ्यता समृद्धि मालदारी धनसंपन्नता।
तमश्शी (تمشی) अ स्त्री–जाना चलना गति गमन।
तमस्ख़ुर (تمسخر) अ पु–मसख़रापन अभिहास ठट्ठा, मनोरंजन दिल्लगी तफ़रीह।
तमस्सुक (تمسک) अ पु–ग्रहण करना लेना पकड़ना ऋणपत्र क़र्ज़नामा लेख्य, दस्तावेज़।
तमा' (طمع) अ स्त्री–लोभ लालुपता हिर्स इच्छा अभिलाषा ख़्वाहिश।
तमाच (تماچ) उ पु–दे 'तमाचा'।
तमाज़त (تمازت) अ स्त्री–धूप की गर्मी सूर्य की गर्मी।

तमाजते आफ़्ताव (تمازت آفتاب) अ. फा. स्त्री.–सूरज की गर्मी, धूप की गर्मी।

तमादी (تمادی) अ. स्त्री–अन्त होना, अन्त तक पहुँच जाना, समाप्त हो जाना, लम्बा होना, बढना, बढ जाना।

तमानियत (طمانیت) उ. स्त्री.–सतोप, इत्मीनान, सान्त्वना, तसल्ली, विश्वास, एतिवार, मुख्य शब्द 'तुमानीनत' अथवा 'तुमानीयत' है।

तमाम (تمام) अ वि–समस्त, समग्र, सव, सपूर्ण, कुल, समाप्त, ख़त्म, निर्मल, ख़ालिस, अत्यधिक, वहुत जियादा।

तमामतर (تمامتر) अ फा वि–सर्व, सारे का सारा, मुकम्मल, पूरा-पूरा।

तमाशः (تماشہ) फा पु–दे शु शव्द 'तमाशा'।

तमाशवीन (تماش بین) फा वि–ऐयाश, वेश्यागामी, रडीवाज।

तमाशवीनी (تماش بینی) फा स्त्री.–ऐयाशी, वेश्यागमन, रडीवाजी।

तमाशा (تماشا) अ पु–सैर, तफ़्रीह, विहार, दर्शन, दीदार; आनन्द, लुत्फ, क्रीड़ा, खेल, वाजीगरो या मदारियो आदि का खेल, नाटक आदि का खेल, अद्भुतता, अजूवापन, मनोविनोद, हँसी-मजाक, भाँड़ो या वहुरूपियो की नकल या स्वाँग।

तमाशाई (تماشائی) अ फा वि–तमाशा देखनेवाला या देखनेवाले, कौतुकदर्शी।

तमाशाकुनाँ (تماشاکناں) अ फा. वि–सैर करता हुआ, सैर से दिल वहलाता हुआ।

तमाशा ख़ानम (تماشاخانم) अ.तु स्त्री.–हँसने-हँसानेवाली औरत, ऐसी स्त्री जिसकी वाते वड़ी मनोरंजक हो।

ाशागर (تماشاگر) अ फा. वि–तमाशा करनेवाला, ौतुकी।

ाशागाह (تماشاگاہ) अ. फा. स्त्री–वह स्थान जहाँ ामाशा होता हो, क्रीड़ास्थल, कौतुकागार, लीलागृह।

ाशावी (تماشابیں) अ फा वि.–तमाशा देखनेवाला, ौतुकदर्शी।

ासील (تماثیل) अ स्त्री–'तिम्साल' और 'तम्सील' का वहु, आकृतियाँ, मूर्तियाँ, उपमाएँ, तश्वीहे।

ासुख़ (تماسخ) अ पु–सूरत विगाड देना, किसी की सूरत इतनी विगाड देना कि वह पहचाने मे न आ सके।

मीज़ (تمیز) अ स्त्री–'तम्ईज़' का लघु, विवेक, दो वस्तुओ मे अन्तर समझ सकने की वुद्धि, पहचान, परख, शिष्टता, सभ्यता, तहजीव, वुद्धि, मेधा, अक्ल: ज्ञान, सज्ञा, होश; सलीका, कौशल, योग्यता; परीक्षा मे मिलनेवाला विशेप चिह्न, डिस्टिक्शन, विशेप योग्यता।

तमीजदार (تمیزدار) अ. फा वि–शिप्ट, सभ्य, मुहज्जव; कुशल, योग्य, सलीकामद।

तमूज़ (تموز) फा स्त्री–धूप की कडी गर्मी, जेठ-वैसाख की गर्मी।

तम्अ (طمع) अ स्त्री–दे 'तमा', दोनो उच्चारण सही हैं।

तम्ईज़ (تمئیز) अ स्त्री–दे 'तमीज', उर्दू मे तमीज ही वोला जाता है।

तम्कनत (تمکنت) अ स्त्री–अभिमान, गर्व, घमड, गुरूर; तडक-भडक, टीम-टाम।

तम्कीन (تمکین) अ स्त्री–स्थिरता, पायदारी, प्रतिष्ठा, सम्मान, वक्अत, गभीरता, मतानत, सजीदगी, पद, पदवी, दरजा।

तम्गा (تمغا) तु पु–पदक, मेडिल, राजचिह्न, शाही मुहर, माफी की जमीन की सनद, भूमिधर-पत्र।

तम्जीद (تمجید) अ स्त्री–किसी को महत्ता और प्रतिष्ठा देना, किसी की महत्ता या प्रतिष्ठा का वर्णन करना, स्तुति, कीर्तन, गुणगान, यशोगान, हम्दोसना।

तम्दीद (تمدید) अ स्त्री.–खीचना, वढाना, लवा करना; खिचाव, वढ़ाव, लवाई।

तम्मत (تمت) अ क्रि–समाप्त हुआ, खत्म हुआ।

तम्मत विलख़ैर (تمت بالخیر) अ क्रि–अच्छाई और सुन्दरता के साथ समाप्त हुआ, जो काम सुगमता और शुद्धतापूर्वक समाप्त हो, उसके लिए कहते है।

तम्माअ् (طماع) अ वि–वहुत अधिक लोभी, अति लोलुप, लिप्सु, लुव्ध।

तम्सील (تمثیل) अ स्त्री–उपमा, तुलना, तश्वीह; समानता, वरावरी, दृष्टान्त, उदाहरण, मिसाल।

तम्सीलन् (تمثیلاً) अ अव्य–उदाहरणार्थ, मिसाल के तौर पर।

तम्सीली (تمثیلی) अ वि–उपमा या तुलनावाला, जिसमे कोई तम्सील हो अर्थात् जिसमें किसी असली व्यक्ति के स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति ने उसका पार्ट अदा किया हो।

तय (طے) अ पु–निर्णीत, फैसल, परिपक्व, पुख़्ता; समाप्त, खत्म, निश्चित, यकीनी, यमन (अरव) का एक वंश जिसमे 'हातिम' हुआ है।

तय्यारः (طیارہ) अ पु–वायुयान, विमान, हवाई जहाज़।

तय्यार.शिकन (طیارہ شکن) अ. फा स्त्री–वह तोप जो हवाई जहाज़ को मार गिराये।

तय्यार (تيار) अ वि –तत्पर, बद्धकटि, आमादा, समाप्त, खत्म, हृष्ट-पुष्ट, मेदुर लहीम शहीम परिपूर्ण, मुकम्मल सुसज्जित आरास्ता कोई पदार्थ खाने या प्रयोग करने की अवस्था में जैसे–भोजन अथवा कपड़ा जो सिलने को दिया हो, वस्त्राभूषण आदि से सुसज्जित वृक्ष, हमले या छापे के लिए कील-काँटे से लैस, उपस्थित मौजूद, विद्यमान।

तय्यारची (طيارچى) अ तु वि –वायुयान चालक हवाई जहाज चलानेवाला पाइलेट।

तय्यिबः (طيبه) अ स्त्री –पवित्रा पुनीता मुक़द्दस स्त्री धार्मिक दृष्टिकोण से पवित्र नगरों के विशेषत मदीने के आगे लगाया जानेवाला शब्द।

तय्यिब (طيب) अ वि –पवित्र, शुद्ध पाक विहित जायज हलाल वह धन आदि जो पूरे परिश्रम और पूरी ईमानदारी से कमाया गया हो।

तय्यिबात (طيبات) अ स्त्री –'तय्यिब' का बहु पवित्रा और पुनीतात्मा स्त्रियाँ।

तरंजबीन (ترنجبين) अ स्त्री –एक प्रकार की रेचक शक्कर जो झाऊ पौधों पर जम जाती है और अधिकतर खुरासान (ईरान) से आती है तुरंजबीन निबुजी नीबू का शर्बत।

तर (تره) फा पु –शाक भाजी साग तरकारी।

तर (تر) फा वि –आर्द्र गीला नवीन नया तत्कालीन, ताजा हाल का हरा सब्ज सरसब्ज लथपथ लथड़ा हुआ घी आदि से चुपड़ा या उसमें डूबा हुआ तरतराता धनवान मालदार (प्रत्य) अत्यधिक जैसे—खूबतर बहुत अधिक उत्तम या सुन्दर।

तरकश (تركش) फा पु –तीर रखने का लम्बा खोल जो कमर में लटकाया जाता है तूणीर निषंग त्राण।

तरकशबंद (تركش بند) फा वि –तूणीरधारी तरकश बाँधे हुए निषंगधर।

तरक़्क़ी (ترقى) अ स्त्री –उत्थान उन्नति उरूज अभिवृद्धि, बहुतायत जियादती वृद्धि, बढ़ती पद या ओहदे में वृद्धि।

तरक़्क़ीपसंद (ترقى پسند) अ फा वि –प्रगति और तरक़्क़ी चाहनेवाला एक साहित्यिक दल जो साम्यवादी विचारों का प्रचारक और देश में साम्यवाद का हामी है।

तरक़्क़ीपिज़ीर (ترقى پذير) अ फा वि –दे तरक़्क़ीयाफ़्त उन्नतिप्राप्त (पिज़ीर=प्राप्त)।

तरक़्क़ीयाफ़्तः (ترقى يافته) अ फा वि –समुन्नत वर्द्धमान तरक़्क़ी को पहुँचा हुआ सुसभ्य सुशिष्ट मुहज़्ज़ब।

तरज़बान (ترزبان) फा वि –किसी की प्रशंसा करनेवाला मद्हख्वाँ, सुन्दर और शिष्ट भाषण देनेवाला सुवक्ता।

तरजुमान (ترجمان) अ पु –एक भाषा से दूसरी भाषा में बदलनेवाला भाषान्तरकार, दो ऐसे व्यक्तियों के बीच में मध्यस्थता करनेवाला जो एक दूसरे की भाषा न समझते हों द्विभाषी।

तरजुमानी (ترجمانى) अ फा स्त्री –दो भाषाओं का उल्था, दो भाषाभाषियों में मध्यस्थता।

तरज्जी (ترجى) अ स्त्री –ऐसी वस्तु के मिलने की आशा जिसकी प्राप्ति [illegible] हो आशा आस उम्मेद।

तरदस्त (تردست) फा वि –स्फूर्तियुक्त चुस्त फुर्तीला हाथ से होनेवाली कारीगरी (दस्तकारी हस्तशिल्प) में दक्ष और होशियार प्रवीण कुशल माहिर।

तरदामन (تردامن) फा वि –जो दामन बचाकर न निकल सका हो बल्कि जिसका दामन सन गया हो अर्थात किसी अपराध में लिप्त मुजरिम पापी, गुनाहगार।

तरदिमाग़ (تردماغ) फा वि –मस्त मतवाला बुद्धिमान अक्लमंद, ठंडादिमाग स्थिरप्रज्ञ सावधान।

तरद्दुद (تردد) अ पु –चिन्ता सोच सोच, फ़िक्र असमंजस दुविधा पसोपेश, घबराहट, आतुरता, परेशानी खेत की जुताई-बुवाई आदि कृषि-कर्म।

तरन्नुम (ترنم) अ पु –स्वर माधुर्य खुश इल्हानी, हलका गाना मधुर गान।

तरन्नुमज़ा (ترنم زا) अ फा वि –ऐसा स्वर जिससे तरन्नुम टपके अत्यन्त मधुर स्वर मधुर स्वर उत्पादक।

तरन्नुमरेज़ (ترنم ريز) अ फा वि –तरन्नुम से पढ़नेवाला तरन्नुम से पढ़ता हुआ।

तरन्नुमरेज़ी (ترنم ريزى) अ फा स्त्री –तरन्नुम से पढ़ना।

तरफ़ (طرف) अ स्त्री –दिशा ओर सिम्त सिरा, किनारा जानिब लिहाज आदर पास पक्ष पार्टी।

तरफ़दार (طرفدار) अ फा वि –पक्षपाती, हिमायती, सहायक मददगार।

तरफ़दारी (طرفدارى) अ फा स्त्री –पक्षपात हिमायत, सहायता मदद।

तरफ़ैन (طرفين) अ स्त्री –दोनों पक्ष दोनों पार्टियाँ उभय पक्ष।

तरफ़्फ़ुह (ترفه) अ पु –समृद्धि विभव सम्पन्नता खुशहाली।

तरफ़्फ़ो (ترفع) अ पु –अपने को सबसे ऊँचा समझना अहंकार अहंवाद गर्व गुरूर।

तरब (طرب) अ पु –आनन्द आह्लाद हर्ष उल्लास सौमनस्य खुशी मसरत।

तरवअंगेज़ (طرب انگیز) अ. फा वि –खुशी बढानेवाला, आनन्दवर्धक, हर्षजनक।

तरवअफ़्ज़ा (طرب افزا) अ फा वि –दे 'तरवअगेज'।

तरबगाह (طرب گاہ) अ फा स्त्री –वह स्थान जहाँ खुशियाँ मनाई जा रही हो।

तरबखेज़ (طرب خیز) अ फा वि –दे 'तरबअगेज'।

तरवज़ा (طرب زا) अ फा वि –खुशी उत्पन्न करनेवाला, हर्षजनक, आनदोत्पादक।

तरबसंज (طرب سنج) अ फा वि –तोल-तोलकर आनन्द का ढेर लगानेवाला, वहुत अधिक खुशियो का मालिक।

तरबुज़ (تربز) फा पु –तरबूज, एक प्रसिद्ध फल, कलीदा, कालिद, कलिग, चित्रफल, मासफल, फलवर्तुल।

तरश्शुह (ترشح) अ पु –हल्की-हल्की फुहार, बूँदा-बाँदी, रिसना, झरना, टपकना, प्रकट होना, जाहिर होना।

तरह (طرح) अ स्त्री –न्यास, नीव, बुनियाद, पद्धति, शैली, तर्ज; वेशभूपा, वज्'अ, समान, भाँति, मिस्ल; घटाना, व्यवकलन, तफ़रीक, प्रकार, ढग, टालना, झगडे को बढने न देना, युक्ति, तरकीव, जुगत, मुशाइरे के लिए मिस्रा, जिससे उसकी वज़्न और रदीफो काफिया जाना जाता है, समस्या।

तरहदार (طرح دار) अ फा. वि –बाँका, छवीला, चुटपुटा, नाजोअदाजवाला, (माशूक) वजअदार।

तरहदारी (طرح داری) अ फा स्त्री –बाँकापन, छवीलापन, हाव-भाव, नाज-नख़रा, हुस्न, सौन्दर्य।

[त]राइक (طرائق) अ पु –'तरीका' का वहु, तरीके।

[त]राज़ (طراز) फा पु –दे 'तिराज', वही शुद्ध है।

[त]राजिदः (طرازندہ) फा वि.–दे 'तिराजिद' वही शुद्ध है।

[त]राजिम (تراجم) अ पु –'तर्जमः' का वहु 'तर्जमे'।

[त]राज़िए तरफ़ैन (تراضئ طرفین) अ स्त्री –दोनो पक्षो की रजामदी, उभयपक्ष की स्वीकृति।

[त]राजी (تراجی) अ स्त्री –एक दूसरे से आशा रखना।

[त]राज़ी (تراضی) अ स्त्री –एक दूसरे से रजामद होना; रजामदी, अगीकृति।

[त]राज़ू (ترازو) फा स्त्री –तौलने का यत्र, तुला, तखरी, मीजान।

[त]राज़ूए अद्ल (ترازوئے عدل) फा अ स्त्री –वह तराजू जिसके दोनो पल्लो मे तनिक भी अन्तर न हो, न्याय-तुला।

तराज़ूए संगज़न (ترازوئے سنگ زن) फा स्त्री –वह तराजू जिसमें पासग हो।

तरानः (ترانہ) फा पु –गान, गाना, नग्म, एक विशेष प्रकार का गीत।

तरानःज़न (ترانہ زن) फा वि –गानेवाला, गायक, गाता हुआ।

तरानःरेज़ (ترانہ ریز) फा वि –दे तरान जन।

तरानःसंज (ترانہ سنج) फा वि,–दे. 'तरान जन'।

तरानःसरा (ترانہ سرا) फा वि –दे 'तरान जन'।

तरानःसाज़ (ترانہ ساز) फा वि –दे. 'तरान जन'।

तरारः (طرارہ) उ पु –दे 'तर्रार', वही शुद्ध है।

तरावत (طراوت) अ स्त्री –शीतलता, ठडक, तरी; सर-सब्जी, हरियालापन, ताजगी, दिल और दिमाग की ठडक।

तराविश (تراوش) फा स्त्री –टपकन, रजिश।

तराविशे कलम (تراوش قلم) फा अ स्त्री –कलम की टपकन, अर्थात् सियाही की तहरीर।

तराविशे फ़िक्र (تراوش فکر) फा अ स्त्री –कल्पना-शक्ति की टपकन, दिमाग की उतरन, मज्मून, निवन्ध आदि।

तरावीह (تراویح) अ स्त्री.–रमजान के महीने की नमाज जो रात मे पढी जाती और जिसमे, कुरान सुनाया जाता है।

तराशः (تراشہ) फा पु –किसी वस्तु को छीलने मे निकला हुआ फोक, छीलन, पत्थर तराशने की छेनी, टाँकी; फाँक, काश।

तराश (تراش) फा स्त्री –कटाव, काट-छाँट, कतर-व्योत, काटने का ढग, कटाव की शक्ल, आविष्कार, ईजाद, धार, बुरिश, काट, (प्रत्य०) काटनेवाला, जैसे— 'जेवतराश' जेव काटनेवाला।

तराश ख़राश (تراش خراش) फा स्त्री –वेशभूपा, वजा कता, काट-छाँट, कतरव्योत।

तराशिदः (تراشندہ) फा वि –काटनेवाला, छीलनेवाला, कतरनेवाला।

तराशीदः (تراشیدہ) फा वि –काटा हुआ, छीला हुआ; कतरा हुआ, मनगढत, कपोल-कल्पित।

तरिकः (ترکہ) अ पु –वह धन और सपत्ति जो किसी के मरने पर उसके उत्तराधिकारियो को मिलती है, दाय, रिक्थ।

तरी (تری) फा स्त्री –आर्द्रता, गीलापन, खुश्की का उलटा, पानी का स्थान, सील, नमी, सीड, समृद्धि, धनाढ्यता, मालदारी।

तरी (طری) अ वि –ताजा, सरसब्ज, हरा भरा।

तरीकः (طریقہ) अ पु.–प्रणाली, शैली, तर्ज; युक्ति, तरकीव, पथ, मश्रब, नियम, काइदा; परम्परा, रिवाज, चाल-ढाल, रविश, वेशभूपा, वजा कता।

सफेदी (سفیدی) फा वि –श्वेतता, सपेदी, शुभ्रता, उज्ज्वलता।

सफेदोसियाह (سفید و سیاہ) फा पु –काला और सफेद श्वेत-कृष्ण सितासित।

सफे निआल (صف نعال) अ स्त्री –सभा में वह स्थान जहा जूते रखे जाते है, जूते रखने का स्थान, सबसे नीचा स्थान।

सफे मातम (صف ماتم) अ फा स्त्री –वह फर्श जिस पर मत्युशोक प्रकट करने के लिए लोग एकत्र हो।

सफे लश्कर (صف لشکر) अ फा स्त्री –दे 'सफे जग'।

सफ्क (سفک) अ पु –रक्तपात हिंसा, खूरेज़ी।

सफ्के दिमा (سفک دما) अ पु –खून बहाना, हिंसा करना, रक्तपात।

सफ्फाक (سفاک) अ वि –रक्तपाती खून बहानेवाला, निष्ठुर बेरहम, अत्याचारी जालिम।

सफ्फाकी (سفاکی) अ स्त्री –रक्तपात, खूरेज़ी निष्ठुरता, सगदिली अत्याचार जुल्म।

सफ़्र (سفرہ) अ पु –दस्तरख्वान वह चीज जिस पर खाना रखकर खाते है इसका मूल उच्चारण 'सुफ्र' है, दे 'सुफ्र'।

सफ़्रःचीं (سفرہ چیں) अ फा वि –दस्तरख्वान का बचा हुआ खानेवाला।

सफ़्रःची (سفرہ چی) अ फा पु –खानसामा खाना खिलाने वाला बैरा।

सफ़्रा (صفرا) अ पु –एक धातु पित्त कड़ुवा कड़वाहट, पीले रंग की चीज धतूरा।

सफ़्रावी (صفراوی) अ वि –सफ्रा का पित्त का पित्त से सम्बन्धित पित्त के दोष से उत्पन्न।

सफ़्राशिकन (صفراشکن) अ फा वि –पित्तनाशक, पित्त को खत्म करनेवाली दवा।

सफ्ला (سفلی) अ वि –निम्नतम बहुत नीचा बहुत अधम लोफर।

सफ्वत (صفوت) अ स्त्री –श्रेष्ठता बुजुर्गी निर्मलता सफाई स्वच्छता खुलासा निर्मल, साफ यह शब्द सिफ्वत और सुफ्वत भी है।

सफ़्ह (صفحہ) अ पु –पृष्ठ पन्ना पेज तल सतह।

सफ्हए आस्माँ (صفحۂ آسماں) अ फा पु –आकाश पटल, तख्ता रूपी आकाश।

सफ्हए काग़ज़ (صفحۂ کاغذ) अ पु –कागज का पन्ना, पत्र का एक ओर।

सफ्हए किर्तास (صفحۂ قرطاس) अ पु –दे सफ्हए काग़ज़।

सफ्हए ज़मीं (صفحۂ زمیں) अ फा पु –पृथ्वी का चौरस तल, धरातल।

सफ्हए हस्ती (صفحۂ ہستی) अ फा पु –पत्ररूपी संसार, पटलरूपी जीवन, जीवन-पटल।

सब [ब्ब] (صب) अ पु –पानी फलना, पानी बहना आशिक, आसक्त।

सब [ब्ब] (سب) अ स्त्री –गाली-गलौज अपवाद।

सबक (سبق) अ पु –पाठ जितना एक दिन में गुरु से पढा जाय शिक्षा, सीख, नसीहत, इबरत अनुभव तजिब।

सबकआमोज़ (سبق آموز) अ फा वि –सबक सिखाने वाला, पढानेवाला नसीहत करनेवाला, उपदेश देनेवाला।

सबकत (سبقت) अ स्त्री –आगे निकल जाना, बढ जाना अव्वल आना, सबसे अधिक नबर पाना।

सबद (سبد) फा स्त्री –टोकरी, डलिया।

सबदे गुल (سبد گل) फा स्त्री –फूलो की टोकरी माली की फूलो से भरी डलिया।

सबब (سبب) अ पु –कारण, हेतु वजह मूल कारण, वह दो अक्षरी शब्द जिसमे एक हल हो या दोनो अज।

सबब (صبب) अ पु –नीची भूमि निशेबी ज़मीन, आशिक होना।

सबल (سبل) अ पु –परवाल, वह बाल जो आँखो में पैदा हो जाते है और बहुत कष्ट देते है और जिनसे आँखें खराब हो जाती है।

सबलत (سبلت) अ स्त्री –मूँछ।

सबा (سبا) अ पु –यमन का एक शहर जो हज़रत सुलैमान को दहेज में मिला था अब्दुल्ला का बाप यह वही अब्दुल्ला है जो इन्ने सबा के नाम से प्रसिद्ध है और जिसने एक नया धर्म बनाकर लोगो को ठगा था।

सबा (صبا) अ स्त्री –पुर्वा हवा, ठडी मदुल और मधुर हवा समीर मद समीर।

सबाक़ (سباق) अ पु –दे शुद्ध उच्चारण सिबाक़।

सबाखिराम (صبا خرام) अ फा वि –सबा की तरह इठलाकर धीरे धीरे चलनेवाला (वाली) मृदुगामिनी।

सबात (ثبات) अ पु –दृढ़ता स्थिरता, मजबूती चिर स्थायित्व पायदारी।

सबाते अक्ल (ثبات عقل) अ. पु.–बुद्धि की स्थिरता और पुख़्तगी, बुद्धि का दोष रहित होना।
सबाते राय (ثبات رائے) अ पु –राय और विचार की सुदृढ़ता, ख़याल की पुख़्तगी, राय का ठीक होना।
सबाते होशोहवास (ثبات ہوش و حواس) अ फा पु –होश और सज्ञा का ठीक होना, होश मे होना।
सबारफ़्तार (صبارفتار) अ फा वि.–दे. 'सबाख़िराम'।
सबाह (صباح) अ. स्त्री.–प्रात काल, प्रभात, तडका, गोरा, सुन्दर, रूपवान्।
सबाहत (صباحت) अ स्त्री.–गोरापन, रंग की सफेदी, सुन्दरता, रूप, हुस्न।
सबाहत (سباحت) अ. स्त्री.–पैराकी, पानी मे तैरना, दे. 'सिबाहत', दोनो शुद्ध है।
सबाहे ईद (صباح عید) अ स्त्री.–ईद के दिन का सवेरा; ख़ुशी और आनद का उदय।
सबिर (صبر) अ पु –एलुआ, इस अर्थ मे 'सब्र' और 'सिब्र' भी है।
सबी (صبی) अ. पु –दूध पीता वालक, शिशु, दुधमुँहा।
सबीयः (صبیہ) अ. स्त्री.–दूध पीती बच्ची।
सबील (سبیل) अ स्त्री –मार्ग, रास्ता, उपाय, यत्न, तदबीर, पद्धति, शैली, तर्ज; पानी पिलाने का स्थान, पियाऊ, मुहर्रम मे शर्वत पिलाने का स्थान।
सबीह (صبیح) अ वि –गोरा-चट्टा, जिसका रग ख़ूब साफ हो, गौरवर्ण, सुन्दर, हसीन।
सबुई (سبعی) अ वि –दे 'सबुईयत'।
सबुईयत (سبعیت) अ स्त्री –भेड़ियापन, दरिंदगी, निर्दयता, बेरहमी।
सबुक (سبک) फा वि –अगुरु, हलका, अधम, नीच, लोफर, चुस्त, फुर्तीला, शीघ्रता, जल्दी, 'सुबक' भी प्रचलित।
सबुकइनाँ (سبک عناں) फा वि –शीघ्रगति, शीघ्रगामी, तेज़रफ़्तार।
सबुकख़िराम (سبک خرام) फा वि –तेज चलनेवाला, शीघ्रगति।
सबुकख़ेज़ (سبک خیز) फा वि –सवेरे बहुत तडके उठने-वाला।
सबुकगाम (سبک گام) फा वि –शीघ्रगति, तेज चलने-वाला; मृदुलगामी, हलकी चाल से चलनेवाला।
सबुकगामी (سبک گامی) फा स्त्री.–तेज चलना, हलकी चाल से चलना।
सबुकजौलाँ (سبک جولاں) फा. वि.–शीघ्रगामी, तेज़रौ।
सबुकतिगी (سبکتگین) तु.. पु –सुलतान महमूद के बाप का नाम, दे 'सुबुकतिगी', दोनो शुद्ध हैं।
सबुकदस्त (سبک دست) फा वि.–जिसका हाथ किसी काम पर सधा हो, जो तेजी से काम करे, चालाक।
सबुकदस्ती (سبک دستی) फा. स्त्री –किसी काम पर हाथ का सधा होना, तेज़ी से काम करना।
सबुकदोश (سبک دوش) फा वि –भारयुक्त, जिम्मेदारी से अलग, पिंशिनयाफ्त, अवकाशप्राप्त।
सबुकदोशी (سبک دوشی) फा स्त्री –जिम्मेदारी से अला-हिदगी, पिंशिन, निवृत्ति।
सबुकपरवाज़ (سبک پرواز) फा वि.–तेज उडनेवाला; ऊँचा उडनेवाला।
सबुकपरवाज़ी (سبک پروازی) फा स्त्री.–तेज उडना; ऊँचा उडना।
सबुकपा (سبک پا) फा वि –शीघ्रगति, तेजकदम।
सबुकपाई (سبک پائی) फा स्त्री –तेज चलना, शीघ्र-गमन, तेजकदमी।
सबुकबार (سبک بار) फा वि –जिसके सर से बोझ उतर गया हो, भारमुक्त, निवृत्त।
सबुकबाल (سبک بال) फा वि –तेज उडनेवाला।
सबुकमग़्ज़ (سبک مغز) फा वि –मदबुद्धि, अल्पबुद्धि, कमअक्ल, तिरस्कृत, अपमानित, बेइज्जत।
सबुकमग़्ज़ी (سبک مغزی) फा स्त्री –बुद्धि की मदता, बेअक्ली; तिरस्कार, निंदा, बेइज्जती।
सबुकरफ़्तार (سبک رفتار) फा वि –शीघ्रगति, आशु-गामी, तजेरौ।
सबुकरफ़्तारी (سبک رفتاری) फा स्त्री –तेज चलना, शीघ्र गमन।
सबुकरवी (سبک روی) फा स्त्री –तेज रफ्तारी, तेज चलना।
सबुकरूह (سبک روح) फा अ वि –हँसमुख, ज़रीफ, निवृत्त, बेतअल्लुक, हर काम मे होशियार, जो किसी मे द्वेष, वैर आदि न रखे।
सबुकरूही (سبک روحی) फा अ. स्त्री –हँसमुख होना, निवृत्ति, बेतअल्लुकी, फुरती, तेज़ी, किसी से कोई द्वेष आदि न रखना।
सबुकरौ (سبک رو) फा वि –दे 'सबुकरफ्तार'।
सबुकसंग (سبک سنگ) फा वि.–अधम, नीच, कमीना।
सबुकसर (سبک سر) फा वि –अधम, ओछा, लोफर, जो अपना धैर्य और गभीरता छोडकर अपनी जगह से नीचे उतर आये।

सबुक्सरी (سبکسری) फा स्त्री–ओछापन, अपनी मर्यादा का त्याग अपने दरजे से नीचे उतरना।
सबुक्सार (سبکسار) फा वि–जो सांसारिक बंधनों से निवृत्त हो, फ़ारिगुल बाल।
सबुक्सर (سبکسر) फा वि–दे 'सबुक्रफ्तार'।
सबुक्सरी (سبکسیری) फा अ स्त्री–दे 'सबुक्रफ्तारी'।
सबुकहिम्मत (سبک ہمت) फा अ वि–हतोत्साह मन्दोत्साह अल्पसाहस कमहौसला।
सबुकहिम्मती (سبک ہمتی) फा अ स्त्री–उत्साह और साहस की कमी कमहिम्मती।
सबुकी (سبکی) फा स्त्री–हल्कापन लज्जा, विपत्ति नीचता कमीनगी।
सबू (سبو) फा पु–घडा घट कुंभ शराब की मटकी, मद्यघट सुबू भी प्रचलित — किया है मस्त जिन्हें तेरी चश्मे मगूने वह किस लिये हवस सागरो सबू करते।
सबूए मै (سبوے مے) फा पु–शराब का घडा, मद्य घट।
सबूकश (سبوکش) फा वि–जो पूरा मटका शराब पी जाय पक्का शराबी।
सबूकशी (سبوکسی) फा स्त्री–शराबनोशी मद्यपान।
सबूचः (سبوچہ) फा पु–छोटा घडा मटकी।
सबूदान (سبودان) फा पु–घडा रखने की तिपाई आदि।
सबूर (صبور) अ वि–धैर्यवान धीरज धरनेवाला सब्र करनेवाला।
सबूरी (صبوری) अ स्त्री–धैर्य धीरज सब्र।
सबूस (سبوس) फा स्त्री–भूसी तुष।
सबूसाज़ (سبوساز) फा वि–कुंभकार कुम्हार।
सबूसे अस्पग़ोल (سبوس اسبغول) फा स्त्री–इसबगोल की भूसी।
सबूह (صبوح) अ वि–सवेरे तड़के पी जानेवाली शराब।
सबूही (صبوحی) अ स्त्री–दे 'सबूह'।
सबूहीकश (صبوحی کش) अ फा वि–सवेरे की शराब पीनेवाला।
सबअ (سبعہ) अ वि–सात सप्त एक संख्या।
सबअ (سبع) अ वि–सप्त सात की संख्या।
सबग़ (صبغ) अ पु–रंगना रंग करना रंजन।
सब्ज़ (سبزہ) फा पु–हरी घास हरियाली सब्ज़ रंग का घोडा।
सब्ज़आग़ाज़ (سبزآغاز) फा वि–जिसकी मूँछ-दाढ़ी के बाल निकलने शुरू हो गये हों अंकुरितयौवन।
सब्ज़ख़त (سبزخط) फा वि–जिसकी मूँछ-दाढ़ी के बाल नये-नये निकले हों।
सब्ज़खेज़ (سبزخیز) फा वि–हरा भरा हरियाली से परिपूर्ण।
सब्ज़ज़ार (سبزہ زار) फा पु–जहाँ हरियाली ही हरियाली हो, घास का मैदान।
सब्ज़रंग (سبزرنگ) फा वि–हरे रंग का मनोहर नमकीन साँवला सलोना।
सब्ज़रुख़ (سبزرخ) फा वि–दे 'सब्ज़ख़त'।
सब्ज़ः (سبزہ) फा वि–दे 'सब्ज़ख़त'।
सब्ज़रंग (سبزرنگ) फा वि–हरा हरा रंग हरे रंग से रँगा हुआ।
सब्ज़ए ख़ुदरो (سبزۂ خودرو) फा पु–अपने आप जमने वाली घास।
सब्ज़ए नौख़ेज़ (سبزۂ نوخیز) फा पु–नया उगी हुई घास नयी निकली हुई दाढ़ी दाढ़ी-मूँछ के नये बाल।
सब्ज़क (سبزک) फा पु–नीलकंठ चाप।
सब्ज़क़दम (سبزقدم) फा अ वि–जिसका आना अनिष्ट कर हो मनहूसक़दम अशुभचरण।
सब्ज़क़दमी (سبزقدمی) फा अ स्त्री–आना अशुभ होना।
सब्ज़कार (سبزکار) फा वि–जिसके हाथ से काम अच्छी तरह निकलें, जो हर काम सफलतापूर्वक करे।
सब्ज़पा (سبزپا) फा वि–दे 'सब्ज़क़दम'।
सब्ज़पाई (سبزپائی) फा स्त्री–दे 'सब्ज़क़दमी'।
सब्ज़पोश (سبزپوش) फा वि–हरे रंग के कपड़े पहनने वाला हरिताम्बर।
सब्ज़पोशी (سبزپوشی) फा स्त्री–हरे कपड़े पहनना।
सब्ज़फ़ाम (سبزفام) फा वि–हरे रंगवाला हरितांग।
सब्ज़फ़ामी (سبزفامی) फा स्त्री–हरा रंग होना शरीर का रंग हरा होना।
सब्ज़बख़्त (سبزبخت) फा वि–भाग्यवान खुशकिस्मत तेजस्वी प्रतापी इक़बालमंद।
सब्ज़बख़्ती (سبزبختی) फा स्त्री–भाग्यवानी प्रताप इक़बाल।
सब्ज़रंग (سبزرنگ) फा वि–हरे रंग का सलोना साँवला मलीह।
सब्ज़रंगी (سبزرنگی) फा स्त्री–हरा रंग होना सलोना पन साँवलापन।
सब्ज़ाने चमन (سبزان چمن) फा पु–बाग के पेड बाग के वृक्ष।
सब्ज़ी (سبزی) फा स्त्री–हरापन हरियालापन घास, सब्ज़ शाक भाजी तरकारी भंग भाँग।

सब्जीखोर (سبزی خور) फा. वि.—शाकाहारी, सागपात खानेवाला।

सब्जीनः (سبزینه) फा पु—साँवले रग का मा'शूक।

सब्जीफरोश (سبزی فروش) फा. वि—साग-तरकारी बेचनेवाला, कुंजडा।

सब्त (سبط) अ स्त्री—छुटे हुए वाल, खुले हुए वाल, वाल जिनका जूडा न वँधा हो।

सब्त (ثبت) अ वि—अकन, लिखना, अंकित, लिखित, लिखा हुआ।

सब्त (سبت) अ पु—शनिवार, शव, सनीचर।

सब्बाक (سباک) अ वि.—स्वर्णकार, सुनार।

सब्बाग (صباغ) अ वि—रँगनेवाला, रजक, रगरेज।

सब्बागी (صباغی) अ स्त्री—रँगने का काम।

सब्बागे ज़मीं (صباغ زمین) अ फा पु—रवि, सूरज, क्योंकि पृथ्वी के तमाम प्राणिवर्ग, वनस्पतिवर्ग और धातुवर्ग को रग सूरज से ही मिलता है।

सब्बाव: (سبابه) अ स्त्री—तर्जनी, अँगूठे के पास की उँगली।

सब्बाह (سباح) अ वि—तैरनेवाला, नदी आदि का तैराक।

सब्बूह (سبوح) अ पु—स्तुति करनेवाला, प्रशसा करनेवाला।

सब्बो शत्म (سب و شتم) अ. पु—गाली-गलौज।

सब्र (صبر) अ पु—धैर्य, धीरज, सबूरी, एलुआ, इस अर्थ में 'सिब्र' और 'सबिर' भी है।

सब्रआज्मा (صبرآزما) अ फा वि—वह काम जो सब्र की आजमाइश करे अर्थात् देर मे हो।

सब्रतलव (صبرطلب) अ वि—जिसमे सब्र और धैर्य की आवश्यकता हो।

सब्रे ऐयूब (صبر ایوب) अ पु—'हज़्रत ऐयूव'—जैसा सब्र और धैर्य।

सब्रो शुक्र (صبرو شکر) अ पु—हर काम में धीरज धरना और ईश्वर को धन्यवाद देना।

समद (سمند) फा पु—अश्व, घोडा।

समंदर (سمندر) फा पु—'सामदर' का लघु, अग्निकीट, आग का कीडा, एक कीडा जिसकी उत्पत्ति अग्नि से है।

समंदल (سمندل) फा. पु—दे 'समंदर'।

सम [स्म] (سم) अ पु—विष, गरल, जह्र, सुई का नाका।

समक (سمک) अ स्त्री—मीन, मत्स्य, मछली, वह मछली जिसकी पीठ पर पृथ्वी स्थिर है।

समकीयाँ (سمکیان) अ फा पु—मर्त्यवाले, ससारवाले।

समद (صمد) अ वि—श्रेष्ठ, पूज्य, बुजुर्ग, अनीह, नि स्पृह, वेनियाज, नित्य, अनश्वर, दाइम, वह व्यक्ति जो भूखा-प्यासा न हो, ईश्वर।

समदीयत (صمدیت) अ स्त्री—श्रेष्ठता, वुजुर्गी, नि स्पृहता, वेनियाजी, हर प्रकार की इच्छाओं से रहित होना।

समन (ثمن) अ पु.—मूल्य, दाम, कीमत।

समन (سمن) अ स्त्री—चमेली का फूल।

समनअंदाम (سمن اندام) फा वि—चमेली के फूल—जैसे शुभ्र और सुगधित अथवा मृदुल शरीरवाला (वाली)।

समनइज़ार (سمن عذار) फा. अ वि.—जिसके गाल चमेली के फूल की तरह मृदुल, कोमल और शुभ्र हो।

समनख़द (سمن خد) फा. वि—दे 'समनइजार'।

समनज़ार (سمن زار) फा पु—जहाँ चमेली ही चमेली हो, चमेली का वन या वाग।

समनवार (سمن بار) फा वि—फूल वरसानेवाला (वाली)

समनबू (سمن بو) फा वि—फूल-जैसे सुगधवाला।

समनरू (سمن رو) फा वि—चमेली के फूल—जैसा धवल और उज्ज्वल मुख रखनेवाला (वाली)।

समनसाक (سمن ساق) फा वि—चमेली—जैसी सफेद पिंडलियोवाली सुन्दरी।

समनसीमा (سمن سیما) फा वि—चमेली-जैसे माथेवाला (वाली)।

समम (صمم) अ पु—वहरापन, वधिरता।

समर: (ثمره) अ पु—फल, मेवा, प्रतिकार, वदला, परिणाम, नतीजा।

समर (سمر) अ पु—कथा, किस्सा, कहानी, कथन, वात।

समर (ثمر) अ पु—फल, मेवा, प्रतिकार, वदला; परिणाम, नतीजा।

समरात (ثمرات) अ पु—'समर' का वहु, फल, मेवे, परिणाम, नतीजे।

समा (سما) अ पु—आकाश, अवर, गगन, आस्मान।

समाँ (سماں) अ मजर, नज्जारा, दृश्य।

समाअ (سماع) अ पु—श्रवण, सुनना, गाना-वजाना, वज्द करना, झूमना।

समाअत (سماعت) अ स्त्री.—श्रवण, सुनना, श्रवण-शक्ति, सुनने की कुव्वत।

समाई (سماعی) अ. स्त्री—सुना हुआ, सुनी हुई वात।

समाक (سماق) अ पु—एक वहुत ही कडा पत्थर, जिसके खरल वहुत कीमती होते हैं।

समाजत (سماجت) अ स्त्री–निकृष्टता, खुशामद विनती, विनय, खुशामद गिड़गिड़ाहट।
समानिय (ثمانیہ) अ वि–अष्ट आठ।
समानीन (ثمانین) अ वि–अस्सी।
समावात (سماوات) अ पु–समा' का बहु, आकाश-समूह, बहुत-से आसमान।
समावार (سماوار) फा पु–चाय पकाने या पानी गर्म करने का टंकीनुमा बर्तन जिसमें टोंटी होती है।
समावी (سماوی) अ वि–आसमानी आकाशीय दैवी।
समाह (سماح) अ पु–दे 'समाहत'।
समाहत (سماحت) अ स्त्री–दानशीलता, फ़य्याज़ी।
समी (سمی) अ वि–हमनाम एक नामवाले तुल्य, समान मिस्ल।
समीअ (سمیع) अ वि–सुननेवाला ईश्वर का एक नाम।
समीत (سمیر) अ स्त्री–रात की सफ़ेद रातें।
समीद (سمید) फा स्त्री–दे समाज।
समीन (سمین) अ वि–मोटा, चर्बीला।
समीन (ثمین) अ वि–मूल्यवान क़ीमती।
समीम (صمیم) अ वि–निर्मल खालिस हृदय का भीतरी भाग बधिर बहरा।
समीमे क़ल्ब (صمیم قلب) अ वि–हृदय का भीतरी भाग तहेदिल निष्कपटता सुल्म।
समीर (ثمیر) अ वि–फलदार फलवाला वह पेड़ जिसमें फल लगे हों।
समूद (ثمود) अ पु–हज़रत नूह की चौथी पुश्त में एक व्यक्ति का नाम था। उसके वंशज वनी समूद कहलाते थे और हज़रत सालेह के अनुयायी थे। इन्होंने हज़रत सालेह के साथ गुस्ताखी की थी जिससे सब तबाह हो गये थे।
समूम (سموم) अ स्त्री–कड़ी लपट जहरीली हवा।
समूर (سمور) अ वि–एक जानवर जिसकी खाल से बढ़िया पोस्तीन बनती है।
समूरी (سموری) अ स्त्री–समूर की खाल का बना हुआ।
समअ (سمع) अ स्त्री–श्रवण सुनना श्रवण शक्ति समाअत।
समअख़राश (سمع خراش) अ फा वि–कान खानेवाला बकबक करके कानों को कष्ट देनेवाला।
समअख़राशी (سمع خراشی) अ फा स्त्री–बकबक से कानों को कष्ट देना।
समग़ (صمغ) अ पु–गोंद निर्यास।
समग़े अरबी (صمغ عربی) अ पु–बबूल का गोंद।

समत (سمط) अ पु–मोती मुक्ता दे 'सिम्त', यही शुद्ध है।
सम्त (صمت) अ पु–शान्ति, सुकून मौन ख़ामोशी।
सम्त (سمت) अ स्त्री–दिशा, तरफ़ सदाचार, नेक चलनी सरल मार्ग सीधा रास्ता आकृति शक्ल इरादा, संकल्प, मानस कर्म।
सम्तुर्रास (سمت الراس) अ स्त्री–आकाश का वह बिंदु जो मनुष्य के चंद्रमा के ठीक सामने पड़े, शीर्षबिंदु आकाश बिंदु खमध्य।
सम्ते जुनूब (سمت جنوب) अ स्त्री–दक्षिण की दिशा दक्षिण दक्खिन।
सम्ते मग़रिब (سمت مغرب) अ स्त्री–पश्चिम की दिशा पश्चिम, प्रत्यक्।
सम्ते मश्रिक़ (سمت مشرق) अ स्त्री–पूर्व की दिशा, पूर्व प्राक।
सम्ते मुख़ालिफ़ (سمت مخالف) अ स्त्री–वामपक्ष विरोधी दल।
सम्ते शिमाल (سمت شمال) अ स्त्री–उत्तर की दिशा, उत्तर, उदक।
सम्न (سمن) अ स्त्री–घी घृत, रौग़न।
सम्मी (سمی) अ वि–विषाक्त, ज़हरआलूद जिसमें ज़हर अथवा विष हो।
सम्मीयत (سمیت) अ स्त्री–विषत्व ज़हरपन विष ज़हर विष का असर।
सम्मे क़ातिल (سم قاتل) अ पु–बहुत ही सख्त विष जिसके खा लेने से मनुष्य किसी प्रकार न बचे।
सम्साम (صمصام) अ स्त्री–तेज़ तलवार काटदार तलवार।
सय्याद (صیاد) अ वि–शिकारी आखेटक लुब्धक व्याध चिड़ीमार चिड़िया पकड़नेवाला शाकुनिक।
सय्यादी (صیادی) अ वि–शिकार का पेशा निर्दयता संगदिली।
सय्यादे अजल (صیاد اجل) अ पु–मौत का शिकारी मत्युरूपी व्याध।
सय्याफ़ (سیاف) अ वि–तलवार चलानेवाला जल्लाद वधिक।
सय्याल (سیال) अ वि–तरल बहनेवाला पदार्थ।
सय्यार (سیارہ) अ पु–तारा उडु ग्रह सितारा सैर करनेवाला।
सय्यार (سیار) अ वि–घूमनेवाला सैर करनेवाला वह तारा जो घूमता है, स्थिर नहीं रहता ग्रह।

सय्यास (سیاس) अ. वि –राजनीति मे निपुण, राजनीतिज्ञ, सियासतदाँ ।

सय्याह (سیاح) अ. पु –पर्यटक, सियाहत करनेवाला, देश-विदेश घूमनेवाला ।

सय्याही (سیاحی) अ. स्त्री –पर्यटन, देशाटन, देश-विदेश घूमना, सियाहत करना ।

सरगुश्त (سرانگشت) फा स्त्री –उँगली का पोरा, उँगली का सिरा ।

सरंजाम (سرانجام) फा पु –अन्त, अख़ीर, पूर्ति, तकमील; परिणाम, नतीजा; प्रबंध, बंदोबस्त, उपकरण, सामग्री, सामान ।

सरः (سره) फा वि –निर्मल, निष्केवल, बेमेल, ख़ालिस; खरा रुपया और सिक्का ।

सर (سر) फा पु.–शिर, सिर, मूँड, श्रेष्ठ, उत्तम, ध्यान, ख़याल, सिरा, अगला भाग, (उप.) श्रेष्ठता, उच्चता, सिरा, आदि के अर्थ मे आता है ।

सरअंगुश्त (سرانگشت) फा स्त्री –दे. 'सरगुश्त' उच्चारण यही अधिक शुद्ध है ।

सरअंजाम (سرانجام) फा. पु.–'दे 'सरंजाम', उच्चारण यही अधिक शुद्ध है ।

सरअफ़गंदः (سرافگنده) फा वि –दे. 'सरफगंद.' उच्चारण यही अधिक शुद्ध है ।

सरआमद (سرآمد) फा वि –दे 'सरामद', उच्चारण यही अधिक शुद्ध है ।

सरकतार (سرقطار) फा. अ वि –मुखिया, अगुआ, लीडर, नेता ।

सरकर्दः (سرکرده) फा वि –अगुआ, सरगना, मुखिया ।

सरकर्दगी (سرکردگی) फा स्त्री –अगुआपन, नेतृत्व ।

सरकल्यान (سرقلیان) फा. स्त्री –चिलम, तमाकू पीने की चिलम ।

सरकश (سرکش) फा वि –अवज्ञाकारी, नाफर्मान, विद्रोही, बाग़ी, उद्दंड, उजड्ड, अशिष्ट, नामुहज्जब, मुँहफट, बदलगाम, स्वेच्छाचारी, ख़ुदराय ।

सरकशी (سرکشی) फा स्त्री –अवज्ञा, हुक्मउदूली, विद्रोह, बग़ावत; उद्दंडता, उजड्डपन, बदलगामी, मुँहफट होना ।

सरकार (سرکار) फा. स्त्री –राज्य, हुकूमत, शासक, हाकिम; राष्ट्र, मम्लुकत, बड़े व्यक्तियों के लिए संबोधन का शब्द, कचहरी, न्यायालय; दरबार, राजसभा ।

सरकारी (سرکاری) फा वि –राजकीय, हुकूमती, सरकार का ।

सरकोचकी (سرکوچکی) फा स्त्री –अधमता, नीचता, पामरता, कमीनगी ।

सरकोब (سرکوب) फा. वि.–सर कुचलनेवाला, दमन करनेवाला, दमदस ।

सरकोबी (سرکوبی) फा. स्त्री –सर कुचलना, दमन करना ।

सरख़त (سرخط) फा. पुं.–तनख़्वाह आदि के हिसाब का काग़ज, दस्तख़ती तहरीर, स्टाम्प, तमस्सुक ।

सरख़ुश (سرخوش) फा. वि.–हलके नशे मे मस्त ।

सरख़ुशी (سرخوشی) फा स्त्री –हलका नशा ।

सरख़ैल (سرخیل) फा वि –अपने दल का नायक, सरदार ।

सरगनः (سرغنه) फा वि –मुखिया, सरदार ।

सरगर्दां (سرگردان) फा वि –दे 'सरगश्त' ।

सरगर्म (سرگرم) फा वि –तन्मय, तल्लीन, मह्व, तत्पर, कटिबद्ध, मुस्तइद ।

सरगर्मी (سرگرمی) फा स्त्री.–तन्मयता, सलग्नता, मुस्तइद्दी, तत्परता ।

सरगर्मेकार (سرگرم‌کار) फा वि.–किसी काम मे पूरी तन्मयता से लगा हुआ ।

सरगश्तः (سرگشته) फा वि.–हैरान, उद्विग्न, परीशान, रास्ते मे भटका हुआ, राह भूला हुआ ।

सरगश्तगी (سرگشتگی) फा स्त्री –उद्विग्नता, हैरानी, राह भूल जाना, भटकते फिरना ।

सरगर्दानी (سرگردانی) फा स्त्री –दे 'सरगश्तगी' ।

सरगिराँ (سرگران) फा वि –रुष्ट, अप्रसन्न, नाख़ुश, ख़फा ।

सरगिरानी (سرگرانی) फा स्त्री –रोष, अप्रसन्नता, ख़फगी ।

सरगुज़श्त (سرگزشت) फा स्त्री –वृत्तान्त, हाल, घटना, वाक़िआ ।

सरगुम (سرگم) फा. वि –जिसका आदि और अन्त न हो, जिसकी इब्तिदा और इन्तिहा न हो ।

सरगुरोह (سرگروه) फा वि –मुखिया, नायक, अपने दल का सरदार ।

सरगोशी (سرگوشی) फा स्त्री –कान से मुँह मिलाकर चुपके-चुपके बातें करना, कानाफूँसी ।

सरचंग (سرچنگ) फा पु –थप्पड़, चाटा, तल-प्रहार ।

सरचश्मः (سرچشمه) फा पु.–स्रोत, सोत, सोता, उद्गम, मख़्ज़ ।

सरचस्पाँ (سرچسپاں) फा. पु –बोतल या डिब्बे आदि पर चिपकाने का लेबिल ।

सरजंग (سرجنگ) फा पु –सेनापति, सिपहसालार ।

सरज़दः (سرزده) फा वि –निकृष्ट, सजाहीन, बेख़बर ।

सरज़द (سرزد) फा वि –घटित, वाक़े' ।

सरज़न (سرزن) फा वि –अवज्ञाकारी, उद्दंड, सरकश ।

सरजनिश (سرزنش) फा स्त्री—डाँट फटकार भर्त्सना तबीह।
सरजनी (سرزنی) फा स्त्री—अवज्ञा, नाफ़रमानी।
सरजमीं (سرزمیں) फा स्त्री—पृथ्वी जमीन देश, मुल्क।
सरजूक (سرجوق) फा पु—दे 'सरगुरोह'।
सरज़ोर (سرزور) फा वि—विद्रोही बागी अवज्ञाकारी नाफ़र्मान।
सरज़ोरी (سرزوری) फा स्त्री—विद्रोह बगावत, अवज्ञा, नाफ़र्मानी।
सरजोश (سرجوش) फा वि—हर वह चीज जो दम से पहले जोश में उतारी जाय सार सत जौहर।
सरतराश (سرتراش) फा वि—नापित नाई सर छीलने वाला, क्षौरकमकार।
सरतराशी (سرتراشی) फा स्त्री—नापित-कर्म नाई का काम नाईपन।
सरताज (سرتاج) फा वि—शिरोमणि सबसे अच्छा, पति शौहर स्वामी मालिक नायक सरदार।
सरतान (سرطان) अ पु—दे सर्तान।
सरतापा (سرتاپا) फा वि—सर से पाँव तक आपाद मस्तक आद्योपान्त शुरू से आखिर तक।
सरताबक़दम (سرتابقدم) फा अ वि—दे सरतापा।
सरताबी (سرتابی) फा स्त्री—अवज्ञा हुक्मउदूली, उद्दंडता सरकशी।
सरतासर (سرتاسر) फा वि—आदि से अंत तक शुरू से आखीर तक।
सरतेज़ (سرتیزه) फा पु—भगाल लंबी पतली छुरी।
सरतेज़ (سرتیز) फा वि—लड़ाकू जंगजू नावदार।
सरदफ़्तर (سردفتر) फा वि—हेडक्लर्क दफ्तर का इन्चार्ज।
सर दर गिरीबाँ (سر در گریباں) फा वि—सोच में पड़ा हुआ।
सरदर्द (سردرد) फा पु—सिर की पीड़ा सर का दर्द झंझट जंजाल बखेड़ा श्रम मेहनत।
सरदर्दी (سردردی) फा स्त्री—दे सरदर्द।
सरदस्त (سردست) फा क्रि—फ़ौरन आगा बफ़ौरन फ़िलहाल मे हाथ मे रखने की चीज़।
सरदार (سردار) फा पु—नायक अध्यक्ष स्वामी पति।
सरदारी (سرداری) फा स्त्री—अध्यक्षता स्वामित्व।
सरनविश्त (سرنوشت) फा स्त्री—भाग्यरेखा तकदीर का लिखा वक्ता हाल।
सरनामा (سرنامه) फा पु—पत्र का आरम्भ आगाज़।
सरनाम (سرنام) फा पु—प्रसिद्ध मशहूर यशस्वी नामवर।
सरनिगूं (سرنگوں) फा वि—सर झुकाये हुए औंधा अधोमुख लज्जित, शर्मिंदा।
सरनिहादः (سرنهاده) फा वि—सर टेके हुए सर झुकाये हुए।
सरपंजः (سرپنجه) फा वि—हाथ का पंजा प्रहस्त अत्यंत शक्तिशाली ताक़तवर अत्याचारी, ज़ालिम।
सरपंजगी (سرپنجگی) फा स्त्री—शक्ति और अत्याचार जुल्म।
सरपरस्त (سرپرست) फा वि—जो किसी की देख रेख और पालन-पोषण करे, पोषक, संरक्षक गार्जियन अभिभावक पक्षपाती हिमायती।
सरपरस्ती (سرپرستی) फा स्त्री—पालन-पोषण देख रेख गार्जियनशिप, अभिभावकता पक्षपात तरफ़दारी।
सरपेच (سرپیچ) फा पु—पगड़ी में बाँधने का एक आभूषण।
सरपोश (سرپوش) फा पु—ढक्कन।
सरपोशीदः (سرپوشیده) फा स्त्री—कुँवारी लड़का, कुमारी।
सरफ़राज़ (سرفراز) फा वि—दे सरफ़राज़।
सरफ़राज़ी (سرفرازی) फा स्त्री—दे सरफ़राज़ी।
सरफ़रोश (سرفروش) फा वि—जान की बाज़ी लगा देने वाला जाँनिसार।
सरफ़रोशी (سرفروشی) फा स्त्री—जान की बाज़ी लगाना, जाँनिसारी।
सरफ़िगंद (سرفگنده) फा वि—दे सरफ़गंद'।
सरफ़गंद (سرافگنده) फा वि—सर झुकाये हुए।
सरबंद (سربند) फा पु—जिसका मुँह बंद हो सर बमुह।
सरबकफ़ (سربکف) फा वि—हाथ पर सर रखे हुए अर्थात् मरने पर उद्यत।
सरबख़्श (سربخش) फा पु—किसी वस्तु के कई भागों में से सबसे बड़ा भाग।
सर ब गिरीबाँ (سر به گریباں) फा वि—दे सर दर गिरीबाँ।
सर बज़ानू (سربزانو) फा वि—घुटनों में सर डाले हुए उदास चिंतित।
सर ब मुह्र (سر به مهر) फा वि—मोहर किया हुआ बंद किया हुआ और मुँह पर मोहर किया हुआ।
सरबर (سربر) फा वि—दे सरबर्ग।
सरबरआवर्द (سربرآورده) फा वि—दे 'सरबराऽर्द'।
सरबरहन (سربرهنه) फा वि—नंगे सर सर खोले हुए।

सरवरावर्दः (سرورآوردہ) फा वि –प्रतिष्ठित और सम्मानित व्यक्ति, बड़ा आदमी, मुखिया।

सरवराह (سربراہ) फा. वि.–प्रबंधक, मुंतज़िम।

सरवराहकार (سربراہکار) फा पु –कारकुन, कारिंदा, एजेंट, अभिकर्ता।

सरवराहकारी (سربراہکاری) फा स्त्री.–कारिंदगरी, एजेंटी।

सरवराही (سربراہی) फा स्त्री –प्रबंध, इंतिज़ाम।

सरवलंद (سربلند) फा वि –प्रतिष्ठित, मुअज़्ज़ज़।

सरवलंदी (سربلندی) फा. स्त्री –प्रतिष्ठा, इज़्ज़तदारी, उत्थान, तरक्की।

सरवसर (سربسر) फा वि –नितान्त, बिलकुल।

सरवसहरा (سربصحرا) फा. अ वि –जंगल में मारा-मारा फिरनेवाला।

सरवस्तः (سربستہ) फा वि –मुँहबंद, सर ब मोह्र, गुप्त, पोशीदः।

सरवस्त (سربست) फा पु –पहेली, प्रहेलिका।

सरवहा (سربہا) फा पु –खूँबहा, खून की कीमत।

सरवाज (سرباز) फा. वि –सिपाही, सैनिक, योद्धा, बहादुर।

सरवाजारी (سربازاری) फा वि –अधम, नीच, लोफर, शोहद।

सरबाज़ी (سربازی) फा स्त्री –शूरता, वीरता, बहादुरी।

सरवार (سربار) फा पु –सर का बोझ।

सरवारी (سرباری) फा स्त्री –वह छोटा बोझ जो बड़े बोझ के ऊपर सिर पर रखते हैं।

सरवाला (سربالا) फा. वि –ऊँचे सर का, सरदार।

सरवुरीदः (سربریدہ) फा. वि –जिसका सर काट लिया गया हो।

सरमद (سرمد) फा वि –नित्य, अनश्वर, लाज़वाल।

सरमदी (سرمدی) फा वि –नित्यता, लाज़वाली।

सरमश्क (سرمشق) फा अ पु –तख्ती, मश्क करने की तख्ती, खुशनवीस का लिखा हुआ कता' जिसे देखकर खुशखती की मश्क की जाती है।

सरमस्त (سرمست) फा वि –उन्मत्त, मदोन्मत्त, बेसुध।

सरमस्ती (سرمستی) फा स्त्री –उन्माद, बदमस्ती।

सरमायः (سرمایہ) फा पु –पूँजी, अस्ल ज़र; धन, दौलत।

सरमायःदार (سرمایہدار) फा वि –पूँजीपति, कैपिटलिस्ट, धनवान्, मालदार।

सरमायःदारानः (سرمایہدارانہ) फा वि.–पूँजीपतियों-जैसा, धनियों की तरह।

सरमाय दारी (سرمایہداری) फा स्त्री –पूँजीवाद, रुपया लगाकर गरीबों की मेहनत से नाजाइज़ नफ़ा कमाना।

सरयान (سریان) फा पु –एक चीज़ का दूसरी चीज़ में प्रवेश।

सररिश्तः (سررشتہ) फा पु –विभाग, महकमा, योग्यता, काबिलीयत, इच्छा, ख्वाहिश, अधिकार, इख्तियार, सूत्र, डोरा।

सरलश्कर (سرلشکر) फा वि.–सेनापति, सेनाध्यक्ष, सिपहसालार।

सरलौह (سرلوح) फा अ स्त्री –वह चित्रादि जो किताब के मुखपृष्ठ पर बनाये जाते हैं।

सरवर (سرور) फा. वि –सरदार, सर्वश्रेष्ठ, नायक, प्रधान।

सरवरक (سرورق) फा अ पु.–मुखपृष्ठ, पुस्तक का ऊपर का पन्ना जिसमें किताब का नाम आदि होता है।

सरवरी (سروری) फा स्त्री –नायकत्व, अध्यक्षता, सरदारी।

सरवरे कौनैन (سرور کونین) फा अ पु –दोनों लोक के सरदार, हज़रत साहिब की उपाधि।

सरशार (سرشار) फा वि –ऊपर तक भरा हुआ, परिपूर्ण, लबरेज़, छलकता हुआ, उन्मत्त, मस्त।

सरशीर (سرشیر) फा. स्त्री –दूध की मलाई, दुग्धाग्र, क्षीरसार, बालाई।

सरशेब (سرشیب) फा वि –औंधा, अधोमुख।

सरशो (سرشو) फा वि –सर धोने की मिट्टी, जिस चीज़ से सर धोया जाय।

सरसबद (سرسبد) फा वि –फूलों की टोकरी में सबसे सुन्दर और सबसे उत्तम फूल।

सरसब्ज़ (سرسبز) फा वि –हरा-भरा, शाद्वल, समृद्ध, मालदार, सफल, कामयाब, उन्नतिशील, तरक़्क़ीयाफ़्त, आबाद, वीरान का उलटा, उपजाऊ, ज़रखेज़।

सरसब्ज़ी (سرسبزی) फा स्त्री –हरा-भरापन, उपजाऊपन, उन्नति, आबादी, सफलता; समृद्धि।

सरसरी (سرسری) फा. वि.–बेदिली और बेतवज्जुही का काम, जल्दी का काम, उचटती हुई नज़र डालने का काम।

सरसोज़न (سرسوزن) फा पु –सुई का नाका, सूची-अग्र।

सरहंग (سرهنگ) फा पु –सैनिक, सिपाही, कोतवाल, सेनानायक, फौज का सरदार, अवज्ञाकारी, उद्दंड, सरकश।

सरहंगज़ादः (سرهنگزادہ) फा पु –सैनिक-पुत्र, सिपाही का लड़का।

सरहद (سرحد) फा स्त्री –सीमा, हद, सीमान्त, आखिरी हद, किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे देश से मिली हो।

सरहदी (سرحدی) फा स्त्री –सरहद का सरहद के पास का सीमांत का निवासी।

सरहम्माम (سرحمام) फा अ पु –हम्माम का गर्म कमरा जिसमें नहाया जाता है।

सरहल्क (سرحلقہ) फा वि–सरदार अध्यक्ष।

सरहिसाब (سرحساب) फा अ वि–सूचित आगाह परिचित वाक़िफ़ सचेत होशियार।

सरा (سرا) फा स्त्री –मकान घर गृह पथिकाश्रय मुसाफ़िरख़ाना स्थान जगह (प्र) गानेवाला, जैसे–'नग़्मःसरा गीत गानेवाला।

सरा (ثرا) अ पु –जमीन के नीचे का तल, पाताल, गीली मिट्टी।

सराइंद (سرایندہ) फा वि–गानेवाला, गायक।

सराईद (سرایدہ) फा वि–गाया हुआ, गीत।

सराए फ़ानी (سرائے فانی) फा अ स्त्री –नश्वर स्थान अर्थात संसार मर्त्यलोक मत्यलोक।

सरापोश (سراپوش) फा पु –सर के बाल सँवारने और बांधने की जाली गेसूपोश।

सराच (سراچہ) फा पु –छोटा घर बड़ा ख़ेमा एक ख़ाना।

सरापर्द (سراپردہ) फा पु –पर्देवाला मकान हरमसरा, बड़ा ख़ेमा।

सरापा (سراپا) फा पु –आपादमस्तक सर से पाँव तक, नितांत बिल्कुल नायिका के नख शिख का पद्यात्मक वर्णन उदा– अल्ला रे हुस्नेयार की सरमस्तियाँ कि रंग डूबे हुए हैं आज सरापा शराब में।

सरापाख़ुलूस (سراپاخلوص) फा अ वि–बहुत अधिक मुख़्लिस व्यक्ति।

सरापानियाज़ (سراپانیاز) फा वि–बहुत अधिक विनम्र और विनीत बहुत बड़ा भक्त।

सरापारहमत (سراپارحمت) फा अ वि–सर से पाँव तक कृपा और दया ही दया दया और कृपा की साकार मूर्ति।

सराफ़्त (صرافت) अ स्त्री –सिक्के या चाँदी-सोने आदि का खरा होना खरापन निष्कूटता।

सराफ़ील (سرافیل) फा पु –इस्राफ़ील का लघु वह फ़िरिश्त जो क़ियामत के दिन तुरही फूँकेगा जिससे सारा ब्रह्मांड नष्ट हो जायगा।

सराब (سراب) फा पु –वह रेत जो गर्मियों में दूर से पानी की तरह चमकता हुआ दिखाई पड़ता है और प्यासे उसे पानी समझकर उसकी ओर दौड़ते हैं मृगतृष्णा।

सराबुस्ताँ (سرابستان) फा पु –पाइंबाग़ वह बाग़ जो महल या कोठी के साथ हो गृहोद्यान गृहवाटिका।

सरामत (صرامت) अ स्त्री –शूरता बहादुरी श्रेष्ठता, बुज़ुर्गी विच्छेद काटना, फुर्ती, तेजी।

सरामद (سرآمد) फा वि–सर्वश्रेष्ठ सबसे उत्तम अध्यक्ष, पति सरदार।

सरायत (سرایت) फा स्त्री –एक चीज़ का दूसरी में प्रवेश, सरयान प्रभाव, असर।

सरारू (سرارو) फा स्त्री –एक कनी रग जिसकी फ़स्द ली जाती है सरोरू, कीफ़ाल।

सरासर (سراسر) फा वि–नितांत बिल्कुल एक सिरे से।

सरासीम (سراسیمہ) फा वि–उद्विग्न आतुर, व्याकुल, परेशान बदहवास।

सरासीमगी (سراسیمگی) फा स्त्री –उद्विग्नता व्याकुलता परेशानी बदहवासी।

सराहत (صراحت) अ स्त्री –स्पष्टीकरण वज़ाहत, सविस्तर विवरण तफ़्सील।

सराहतन (صراحتاً) अ वि–सराहत के साथ विस्तार पूर्वक, सविस्तर।

सरिक़ (سرقہ) अ पु –चोरी चौर्य, स्तेय तस्करता, दुज़्दी।

सरिक़त (سرقت) अ स्त्री –'सरिक़'।

सरिश्त (سررشتہ) फा पु –सररिश्त का बिगड़ा हुआ रूप विभाग महकमा, डिपार्टमेंट।

सरिश्तःदार (سررشتہ دار) फा वि–एक कर्मचारी।

सरिश्तःदारी (سررشتہ داری) फा स्त्री –सरिश्तःदार का पद उक्त पद का काम।

सरी (سری) फा वि–सरदारी अध्यक्षता।

सरीअ (سریع) अ वि–शीघ्र तेज़।

सरीउज़्ज़वाल (سریع الزوال) अ वि–जो शीघ्र ही नाश हो जाय जो अधिक देर न रहे क्षणभंगुर।

सरीउत्तासीर (سریع التاثیر) अ वि–जो अपना प्रभाव शीघ्र ही दिखाये शीघ्रकारी आशु प्रभावकारी त्वरित गुणदायी।

सरीउलअमल (سریع العمل) अ वि–वह दवा जो अपना असर जल्द करे।

सरीउलअसर (سریع الاثر) अ वि–जल्द प्रभाव दिखाने वाला शीघ्र गुणकारी।

सरीउलइंज़ाल (سریع الانزال) अ वि–जो पुरुष मैथुन के समय अधिक न ठहर सके शीघ्रपतन।

सरीउलइंदिमाल (سریع الاندمال) अ वि–वह घाव जो शीघ्र भर जाय।

सरीउलइज़ाल: (سریع الازاله) अ वि.—जिसकी हानि-पूर्ति जल्द हो जाय।
सरीउलइन्हिज़ाम (سریع الانهضام) अ. वि —जो जल्दी हज़्म हो जाय, लघुपाक।
सरीउलइल्तिहाब (سریع الالتهاب) अ. वि —जो शीघ्र ही जलने लगे, ज़रा-सी गर्मी मे आग पकड ले, ज्वलनशील, विस्फोटक।
सरीउलएहसास (سریع الاحساس) अ. वि —जो किसी बात का जल्द असर ले।
सरीउलकबूल (سریع القبول) अ वि —जो किसी बात या गुण-दोष से जल्द प्रभावित होकर उसे ग्रहण कर ले।
सरीउलग़ज़ब (سریع الغضب) अ. वि.—जिसे जल्दी ही गुस्सा आ जाता हो, शीघ्रकोपी।
सरीउलफ़हम (سریع الفهم) अ. वि —जो हर बात तुरत ही समझ जाता हो, शीघ्रबुद्धि, प्रतिभाशाली।
सरीउलहज़्म (سریع الهضم) अ वि.—दे. 'सरीउल इन्हिज़ाम'।
सरीउलहरकत (سریع الحرکت) अ वि —तेज चलनेवाला, शीघ्रगति।
सरीउस्सैर (سریع السیر) अ वि —तेज चलनेवाला, शीघ्रगामी।
सरीचः (سریچه) फा पु —ममोला पक्षी।
सरीद (ثرید) अ पु —शोरबे मे चूर की हुई रोटी।
सरीपः (صریسه) अ पु —काम छोड बैठना, हड़ताल।
सरीयः (سریه) अ पु —पैगम्बर साहब के समय की वे लडाइयाँ जिनमें आप सम्मिलित न थे।
सरीर (سریر) अ पु —सिंहासन, तख़्त।
सरीर (صریر) अ स्त्री.—लिखते समय कलम की चिरचिराहट, चलते समय मनुष्य के पैर की चाप।
सरीरआरा (سریر آرا) अ फा वि —सिंहासनारूढ, तख़्तनशीं, शासक, हुक्मराँ।
सरीरत (سریرت) अ स्त्री —भेद, रहस्य, मर्म, राज़।
सरीरे कलम (صریر قلم) अ स्त्री.—कलम की चिरचिराहट जो लिखते समय होती है।
सरीह (صریح) अ वि.—स्पष्ट, व्यक्त, साफ, वाजेह, खुल्लमखुल्ला।
सरीहन (صریحاً) अ. वि —खुल्लम खुल्ला, स्पष्ट रूप से, साफ-साफ।
सरूँ (سروں) फा पु.—सींग, शृंग, विषाण।
सरूँगाह (سروں گاه) फा स्त्री —कनपटी, पशु के सींग निकलने का स्थान।
सरीही (صریحی) अ वि.—दे. 'सरीहन'।
सरे ज़ुल्फ़ (سر زلف) फा पु —अलक, ज़ुल्फ़, हावभाव, नाज़ोअदा।
सरे तन्हा (سر تنها) फा. पु —अकेला, एकाकी।
सरे दस्त (سر دست) फा वि —तत्काल, इस समय, फ़िलहाल, सम्प्रति।
सरे नौ (سر نو) फा वि —नये सिरे से, फिर से, पुन.।
सरे पा (سر پا) फा स्त्री —ठोकर, (पु) पाँव का सिरा, पंजा।
सरे पिस्ताँ (سر پستاں) फा. पु —स्तन की घुडी, भिटनी, स्तनवृन्त, नर्मठ।
सरे पै (سر پے) फा स्त्री.—ठोकर, (पु) पाँव का अगला भाग, पंजा।
सरे बज़्म (سر بزم) फा पु.—भरी सभा मे, सबके सामने।
सरे बाज़ार (سر بازار) फा. पु —बीच बाज़ार मे, सबके सामने, खुल्लमखुल्ला।
सरे बाम (سر بام) फा पु —अटारी पर, छत पर।
सरे बालीं (سر بالیں) फा पु —सिरहाने।
सरेमू (سرمو) फा पु —बाल की नोक के बराबर, ज़रा-सा भी, किंचिन्मात्र।
सरे रहगुज़र (سر رهگزر) फा. पु —दे 'सरे राह'।
सरे राह (سر راه) फा. पु —रास्ते मे, रास्ता चलते हुए।
सरेश (سریش) फा स्त्री.—देखे शुद्ध उच्चारण 'सिरेश'।
सरे शाम (سر شام) फा पु —सूरज डूबते समय, सध्यामुख।
सरे शोरीदः (سر شوریده) फा पु —वह सर जिसमे प्रेम का पागलपन भरा हो, पागल व्यक्ति का मस्तिष्क।
सरोकार (سروکار) फा पु —प्रयोजन, वास्ता, सम्बन्ध, तअल्लुक।
सरोद (سرود) फा. पु —दे. शु. उ 'सुरोद' या 'सुरूद'।
सरोपा (سروپا) फा पु —सर-पैर, प्राय. 'बे' के साथ बोला जाता है।
सरोबंद (سرو بند) फा पु —समय, काल, वक़्त, ज़माना।
सरोबर्ग (سرو برگ) फा पु —ध्यान, ख़याल।
सरोबुन (سرو بن) फा पु —सरोपा, सर-पैर, आदि-अंत, शुरू और अख़ीर।
सरोरू (سرورو) फा स्त्री —एक रग, दे. 'सरारू'।
सरोश (سروش) फा पु.—दे शु उ. 'सुरोश'।
सरोसामान (سرو سامان) फा पु —उपकरण, सामग्री, सामान; ज़िंदगी का ज़रूरी सामान।
सर्अ (صرع) अ स्त्री —अपस्मार, मिर्गी रोग।
सर्तान (سرطان) अ. पु —कर्क, कर्कट, केकड़ा, घिंघचा, कर्कराशि, बुर्जे सर्तान।

सद (سرد) फा वि –शीतल ठंडा, मन्द धीमा निर्थी बेरौनक नपुंसक हीजड़ा।
सदख़ुश्क (سرد خشک) फा वि –वह दवा या ग़िज़ा जिसमें सर्दी के साथ ख़ुश्की भी हो।
सदतर (سردتر) फा वि –बहुत अधिक सर्द, वह दवा जो सर्द के साथ तर भी हो।
सदबाज़ारी (سرد بازاری) फा स्त्री –बेरौनकी श्रीहीनता, बाज़ार भाव का मंदा होना नाकद्री पूछ-ताछ न होना।
सर्दमिज़ाज (سردمزاج) फा अ वि –जिसकी प्रकृति शीतल हो शान्त प्रकृति।
सर्दमेह्‌र (سردمہر) फा वि –निःशील बेमुरव्वत कठोर बेरहम जो बेदिली से मिले।
सर्दमेह्‌री (سردمہری) फा स्त्री –दुःशीलता बेमुरव्वती कठोरता बेरहमी बेदिली, कमतवज्जुही।
सर्दसेर (سردسیر) फा वि –वह स्थान जहां की आबो हवा सर्द हो।
सर्दाब (سرداب) फा पु –तहख़ाना तलगृह।
सर्दी (سردی) फा स्त्री –शीतता ठंडक ठंड का मौसिम हेमंत ऋतु ज़ुकाम प्रतिश्याय।
सर्दोगर्म (سردوگرم) फा वि –गर्म और ठंडा दुनिया का अच्छा और बुरा।
सर्दोगर्म चशीद (سردوگرم چشیدہ) फा वि –गर्म और ठंडा चखा हुआ अर्थात अनुभवी।
सर्फ़ (صرف) फा पु –लाभ नफ़ा व्यय ख़र्च बारहवां नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी कृपणता कंजूसी अधिकता ज़ियादती न्याय इन्साफ़।
सर्फ़ (صرف) अ पु –व्यय ख़र्च उपभोग इस्तेमाल व्याकरण की एक शाखा पदव्याख्या।
सर्फ़ी (صرفی) अ वि –जो व्याकरण में सर्फ़ का ज्ञाता हो।
सर्फ़ोनह्‌व (صرف ونحو) अ स्त्री –व्याकरण क़वाइद पद व्याख्या और वाक्य विश्लेषण।
सब (سرب) अ पु –चर्बी की बारीक चादर जो उदर आदि पर चढ़ी रहती है।
समक (سرمق) अ पु –बथुआ एक साग।
सर्मा (سرما) फा पु –जाड़े का मौसिम शीतकाल।
सर्माई (سرمائی) फा वि –जाड़े के मौसिम का जाड़े के पहनने के कपड़े।
सर्माए गुल (سرمائے گل) फा पु –गुलाबी जाड़ा गुल बहार का जाड़ा हल्का जाड़ा।
सर्माए तल्ख़ (سرمائے تلخ) फा पु –कड़ा जाड़ा चिल्लेका
सर्माज़द (سرمازدہ) फा वि –जिसे पाला मार गया हो।
सर्मासोख़्त (سرماسوختہ) फा वि –वह पेड़ जिसे पाला मार गया हो जो पाले से जल गया हो।
सर्राफ़ (صرافہ) अ पु –सराफ़ा का बाज़ार, जहाँ चाँदी सोना बेचनेवालों की मंडी हो।
सर्राफ़ (صراف) अ वि –चाँदी-सोना बेचनेवाला।
सर्राफ़ी (صرافی) अ स्त्री –चाँदी सोना बेचने का काम।
सर्वंदाम (سرواندام) फा वि –सर्व-जैसे सीधे और सुन्दर शरीरवाला।
सर्व (سرو) अ पु –एक प्रसिद्ध पेड़, सरो जो सीधा और सुन्दर होता है।
सर्वअंदाम (سرواندام) फा वि –दे 'सर्वंदाम'।
सर्वक़द (سروقد) फा वि –दे 'सर्वंदाम'।
सर्वक़ामत (سروقامت) फा अ वि –दे 'सर्वंदाम'।
सर्वत (ثروت) अ स्त्री –धनाढ्यता, समृद्धि मालदारी ऐश्वर्य ऐश फराग़त।
सर्वबाला (سروبالا) फा वि –दे 'सर्वंदाम'।
सर्वे आज़ाद (سرو آزاد) फा पु –वह सर्व जिसमें शाख़ें और फल न हों।
सर्वे ख़िरामाँ (سرو خراماں) फा पु –चलने फिरनेवाला सर्व अर्थात माशूक़।
सर्वे चमन (سرو چمن) फा पु –बाग़ का सर्व का पेड़।
सर्वे चिराग़ाँ (سرو چراغاں) फा पु –सर्व के वृक्ष के आकार का काँच का झाड़ जिसमें मोमबत्तियाँ जलती हैं।
सर्वे नाज़ (سرو ناز) फा पु –वह सर्व जिसकी शाखें झुक कर आपस में मिल गयी हों।
सर्वे बाला (سرو بالا) फा पु –लम्बा सर्व।
सर्वे सिही (سرو سہی) फा पु –बिलकुल सीधा सर्व।
सर्शफ़ (سرشف) फा स्त्री –सरसों एक प्रसिद्ध दाना जिसका तेल कड़वे तेल के नाम से खाने में काम आता है।
सरसर (صرصر) फा स्त्री –झक्कड़ गर्म हवा के झोंके चलना तेज़ हवा के झोंके उदा०— यह भी क्य सम्या है औरे फलक। कद हो हम बाग़ में सर सर चले।
सर्साम (سرسام) अ पु –दिमाग़ के वरम की एक बीमारी सन्निपात।
सर्सामी (سرسامی) अ वि –सरसाम का रोगी।
सल्फ़ (سلف) अ पु –सल्फ़ का बहु पुराने लोग पूर्वज।
सलफ़ (سلف) अ पु –पूर्वज पुराने लोग।
सलवात (صلوات) अ स्त्री –सलात का बहु, नमाज़ें

सला' (صلع) अ पु –बालो का एक रोग, गज।
सला (صلا) अ. स्त्री –आवाज देना, बुलाना।
सलाए आम (صلاے عام) अ स्त्री.–सबका बुलावा, सबकी दा'वत, सार्वजनिक निमंत्रण।
सलाक (سلاک) फा स्त्री –सोने-चाँदी की सलाख।
सलाख़ (سلاخ) तु स्त्री –सलाई, शलाका; लोहे की छड़; लकीर।
सलात (صلاۃ) अ. स्त्री –नमाज, दुरूद।
सलातीन (سلاطین) अ. पु.–'सुल्तान' का बहु, बादशाह लोग, शासकगण।
सलाबत (صلابت) अ. स्त्री –कठोरता, सख्ती।
सलाम (سلام) अ पु.–प्रणाम, तस्लीम, शान्ति, सलामती, नौहे की एक किस्म; घृणा और बेजारी के लिए भी बोलते हैं।
सलामत (سلامت) अ स्त्री –सुरक्षित, महफूज; जीवित, ज़िदा, पूर्ण, पूरा, स्वस्थ, तनदुरुस्त।
सलामत बाशेद (سلامت باشید) अ फा. वा.–जीवित रहो, ज़िदा रहो।
सलामतरवी (سلامت روی) अ फा. स्त्री –सबसे हेल-मेल से रहना; खर्च आदि मे किफायत बरतना।
सलामती (سلامتی) अ स्त्री –शान्ति, अमन, रक्षा; स्वास्थ्य, तनदुरुस्ती।
सलामी (سلامی) अ वि.–किसी बडे आदमी के आने पर तोपो के फैर।
सलामुन अलैकुम (سلامٌ علیکم) अ वा –तुम पर सलामती हो, मुसल्मानो का सलाम जो वह एक दूसरे से कहते हैं।
सलामो अलैकुम (سلام و علیکم) अ वा –दे 'सलामुन अलैकुम'।
सलामो पयाम (سلام و پیام) अ फा पु –किसी का सलाम के साथ कोई सँदेशा आना, किसी को सलाम के साथ कोई सँदेसा भेजना, लडके या लडकीवालो की ओर से विवाह या सगाई की बातचीत चलना।
सलासत (سلاست) अ स्त्री –सरलता, रवानी, सलीसपन; नम्रता, नर्मी; हलके-फुलके और सुदर शब्दो का व्यवहार जिसमे कोई क्लिष्ट शब्द न हो और न ऐसे शब्द हो जिनसे जबान को तोडना मरोड़ना पडे।
सलासते जबान (سلاست زبان) अ. फा स्त्री –भाषा की मृदुलता, शब्दो का माधुर्य; गद्य या पद्य मे कोमल, मृदुल और सरल उच्चारणवाले शब्दो का प्रयोग, फसाहत।
सलासते बयान (سلاست بیان) अ. स्त्री.–बातचीत की मधुरता।
सलासिल (سلاسل) अ स्त्री –'सिल्सिल.' का बहु., जजीरे, बेडियाँ।
सलाह (صلاح) अ स्त्री –अच्छाई, भलाई; परामर्श, मशवुर; उद्देश्य, मशा, मंसूब', राय, तजवीज।
सलाहअंदेश (صلاح اندیش) अ. फा वि –नेकअदेश, खैरख्वाह, शुभचितक, हितैषी।
सलाहकार (صلاح کار) अ फा वि –सदाचारी, नेकअमल; परामर्शदाता, मश्वुर देनेवाला; सदुपदेशक, नासेह।
सलाहिफ (سلاحف) अ पु –'सुलहफात' का बहु, 'कछवे'।
सलाहीयत (صلاحیت) अ. स्त्री –भलाई, अच्छाई, खूबी; सदाचार, सयम, इद्रिय-निग्रह, पारसाई, योग्यता, पात्रता, अह्लीयत, विद्वत्ता, इल्मीयत, गभीरता, मतानत, मुसाफिरो का पुलिस के रजिस्टर मे इदिराज।
सलाहे कार (صلاح کار) अ. फा स्त्री –काम की काबिलीयत, कार्य-क्षमता।
सलाहे नेक (صلاح نیک) अ फा स्त्री –अच्छी सलाह, सत्-परामर्श।
सलाहे बद (صلاح بد) अ फा स्त्री –बुरी सलाह, दुस्संमति।
सलाहे वक़्त (صلاح وقت) अ स्त्री.–समय के अनुसार सलाह, समय की माँग।
सलिसुल बौल (سلس البول) अ पु –एक मूत्ररोग जिसमे पेशाब बार-बार आता है, बहुमूत्र।
सलीक़ः (سلیقہ) अ पु –शिष्टता, तमीज, शुऊर; क्रम, तर्तीब, योग्यता, हुनरमदी, सुघडापा, सुघड़या; हर चीज को उसके मुनासिब मौका रखने की तमीज, सभ्यता, तहजीब।
सलीक़ःमंद (سلیقہ مند) अ. फा वि –शिष्ट, बाशुऊर; सुघड, हुनरमंद; सभ्य, सुहज्जब।
सलीक़ःमंदी (سلیقہ مندی) अ फा. स्त्री –शिष्टता, तमीजदारी; सुघडपन, सभ्यता, तहजीब।
सलीक़.शिआर (سلیقہ شعار) अ. वि –दे 'सलीक मद'।
सलीक़ःशिआरी (سلیقہ شعاری) अ. स्त्री –दे. 'सलीक.-मदी'।
सलीक (سلیک) अ वि –पिरोई हुई चीज, गुथिल, नत्थी, मुसलिक, सलग्न।
सलीब (صلیب) अ स्त्री –सूली, दार, हज्रत ईसा को सूली देने की टिकठी जो चौपारे की आकार की थी, वह चौपारे का चिह्न जो ईसाइयो का धार्मिक चिह्न है, क्रास।
सलीबी (صلیبی) अ वि –सलीब का; सलीब की शक्ल का; ईसाई धर्म सम्बन्धी।
सलीम (سلیم) अ वि –गभीर, शात, मतीन; सहनशील,

बुर्दबार शांतिप्रिय, जिसे नागवार या रुखाई दगा पसद न हो स्वस्थ चगा, तनदुरुस्त।
सलीमुत्तबअ (سلیم الطبع) अ वि –जिसका स्वभाव बहुत ही शांतिप्रिय हो सौम्य।
सलीमुलमिज़ाज (سلیم المزاج) अ वि –दे सलामुत्तबअ।
सलीस (سلیس) अ वि –नम कोमल मदुल सरल सुगम आसान सुबोध आमफहम बालबोध सभ्य शिष्ट तमीजदार, वह गद्य या पद्य जो बहुत ही सरल और कोमल हो, कोमल।
सलअ (سلعہ) अ पु –वण मस्सा, बतौरी मासाबुद।
सल्ख (سلخ) अ पु –खाल खीचना खाल उतारना कृष्णपक्ष की अतिम तिथि।
सल्ज (ثلج) अ पु –हिम बफ।
सल्जम (سلجم) अ पु –शल्जम एक प्रसिद्ध तरकारी।
सल्जूक़ (سلجوق) तु पु –एक व्यक्ति जिससे सल्जूकी वंश चला है इसी की चौथी पुश्त में तुग्रल बग सल्जूक नाम का शासक हुआ है।
सल्जूकी (سلجوقی) तु पु –सल्जूक का वंशज।
सल्तनत (سلطنت) अ स्त्री –राज्य राष्ट्र मुल्क शासन सत्ता हुकूमत।
सल्तनते जुमहूरी (سلطنت جمہوری) अ स्त्री –जनता का राज गणतत्र जनतत्र।
सल्तनते शख्सी (سلطنت شخصی) अ फा स्त्री –व्यक्तिगत राज्य साम्राज्य।
सल्ब (سلب) अ पु –निवारण दफीअ विनाश खातिमा छीन लेना जब्त कर लेना।
सल्बे मरज़ (سلب مرض) अ पु –किसी के रोग को आत्म शक्ति द्वारा नष्ट कर देना।
सल्म (سلم) अ स्त्री –बच्चो के लिखने की तख्ती पाटी, पट्टिका दे सिल्म' दोनो शुद्ध ह।
सल्मान (سلمان) अ पु –पगंबर साहब के एक सिहाबी सल्मान फारिसी ईरान का एक शाइर सल्मान सावजी।
सल्लाख (سلاخ) अ पु –खाल उतारनेवाला जल्लाद फासी देनेवाला (दखो सल्लाखी')।
सल्लाखी (سلاخی) अ स्त्री –खाल उतारना पुराने जमाने में एक सजा यह भी थी कि ज़िंदा आदमी की खाल उतार दी जाती थी और इस तरह वह बडे कष्ट से मारा जाता था यह काम सल्लाखी कहलाता था।
सलवा (سلویٰ) अ स्त्री –बटेर एक पक्षी वासक वाना।
सल्सबील (سلسبیل) अ स्त्री –स्वग का एक चश्मा नम और मुलायम चीज मदिरा शराब।

सल्साल (صلصال) अ स्त्री –कच्ची और सूखा मिट्टी जिससे हजरत आदम की सष्टि हुई।
सवा (سوا) अ वि –समता बराबरी, समान बराबर।
सवाइक़ (صواعق) अ पु –साइक़' का बहु, बादल जमान पर गिरनेवाली बिजलियाँ।
सवाकिन (سواکن) अ पु –साकिन' का बहु, निवासी लोग रहनेवाले।
सवाक़िब (ثواقب) अ पु –साक़िब का बहु रौशनीदार चीजें।
सवाते (سواطع) अ पु –सातिअ का बहु ऊँचे स्थान।
सवाद (سواد) अ पु –कालिमा सियाही काली बिन्दु जो हृदय पर होती है आस-पास की भूमि हवाली प्रतिभा जहानत।
सवादे आ'ज़म (سواد اعظم) अ पु –बडा नगर बडा बस्ती।
सवादे कुफ्र (سواد کفر) अ पु –नास्तिकों की बस्ती नास्तिकता का वातावरण।
सवानिहे उम्र (سوانح عمر) अ पु –दे सवानिहे हयात।
सवानिहे हयात (سوانح حیات) अ पु –जीवनी जीवन चरित किसी के जीवन का सविस्तर रूप।
सवानेह (سوانح) अ पु –सानिह का बहु, घटनाए वाक़िआत दुघटनाएँ हादिसात।
सवानेहनवीस (سوانح نویس) अ फा वि –समाचार लेखक वाक़िआ निगार इतिहासकार जीवनी-लेखक।
सवानेहनवीसी (سوانح نویسی) अ फा स्त्री –समाचार लिखना इतिहास लिखना जीवनी लिखना।
सवानेहनिगार (سوانح نگار) अ फा वि –दे सवानह नवीस'
सवानेहनिगारी (سوانح نگاری) अ फा स्त्री –दे सवानह नवीसी।
सवाब (صواب) अ वि –यथाथ ठीक दुरुस्त उत्तम श्रेष्ठ उम्दा वास्तविकता हकीकत।
सवाब (ثواب) अ पु –वह फल जो किसी सत्कम करने पर परलोक में मिले पुण्य।
सवाबअंदेश (صواب اندیش) अ फा वि –ठीक-ठीक सोचनेवाला अच्छी राय देनेवाला शुभचिंतक खरख्वाह।
सवाबदीद (صواب دید) अ फा स्त्री –सलाह मशवरा अच्छी राय अच्छी तजवीज।
सवाबिक़ (سوابق) अ पु –साबिक़ का बहु पहलेवाले गुजरे हुए।
सवाबित (ثوابت) अ पु –साबित' का बहु वे तारे जो गतिशील न हो ठहरे हुए तारे उडुगण।

सवाबितो सैयार (ثوابت وسیار) अ. पुं.—गतिमान् और अचल सब प्रकार के तारे।

सवामे' (سوامع) अ. पु.—'सामिअ' का वहु, सुनने की शक्तियाँ, सुननेवाले लोग।

सवार (سوار) फा वि—जो किसी सवारी पर वैठा हुआ हो, आरूढ, अश्वारोही, घुडसवार।

सवारिक (سوارق) अ पु—'सारिक' का वहु., चोर लोग।

सवारिम (صوارم) अ पु—'सारिम.' का वहु., धारदार तलवारें।

सवाल (سوال) अ. पु—शुद्ध उच्चारण 'सुआल' है, परंतु उर्दू में 'सवाल' ही वोलते हैं, प्रश्न पूछना, प्रार्थना, इल्तिजा, इच्छा, आकाक्षा, आर्जू, भीख की प्रार्थना; प्रार्थनापत्र, अर्जी।

सवालख्वानी (سوال خوانی) अ फा स्त्री—अदालत मे आम अर्जियाँ लेने की पुकार।

सवालनामः (سوال نامہ) अ फा पु—प्रश्नावलीपत्र, वह पर्चा जिसमें किसी सभा आदि मे पूछने के सवाल लिखे हो।

सवालात (سوالات) अ पु.—'सवाल' का वहु, वहुत से सवाल, प्रश्नावली।

सवालिफ (سوالف) अ पुं—'सालिफ' का वहु, गुजरे हुए लोग, पूर्वज।

सवाली (سوالی) अ वि—याचक, माँगनेवाला, भिक्षुक, भिखमगा।

सवाले वस्ल (سوال وصل) अ पु—नायक की ओर से नायिका से मिलने की इच्छा का इजहार।

सवालोजवाव (سوال و جواب) अ पु—प्रश्न और उसका उत्तर, प्रश्नोत्तर, वाद-विवाद, कथनोपकथन, वह्स।

सवाहिल (سواحل) अ पु—'साहिल' का वहु, वंदरगाहे, समुद्रतट।

सहरः (سحرہ) अ. पु—'साहिर' का वहु., जादूगर लोग।

सहर (سحر) अ स्त्री—प्रात काल, प्रात, प्रभात, भोर, तडका, सहरी, सहरगही।

सहर (سہر) अ स्त्री—जागरण, जागना, जाग्रति, वेदारी, जागर्ति।

सहरखद (سحرخند) अ फा वि—ऐसी मुस्कुराहट जिसमे दाँत खुल जायँ', इतना उज्ज्वल जो प्रभात की सफेदी पर हँसे।

सहरखेज (سحرخیز) अ. फा वि—वहुत तडके उठने का अभ्यस्त, तडके सोकर उठनेवाला।

सहरखेजी (سحرخیزی) अ फा स्त्री—तडके उठने का अभ्यास, सोकर तड़के उठना।

सहरगह (سحرگہ) अ. फा. स्त्री.—'सहरगाह' का लघु., दे 'सहरगाह'।

सहरगही (سحرگہی) अ. फा स्त्री.—'सहरगाही' का लघु, दे. 'सहरगाही'; रोजो के दिनो में पिछली रात का खाना।

सहरगाह (سحرگاہ) अ. फा. स्त्री.—वहुत तडके, गजरदम, प्रात काल, गोविसर्ग, उप काल।

सहरगाहाँ (سحرگاہاں) अ फा स्त्री—दे 'सहरगाह'।

सहरगाही (سحرگاہی) अ फा स्त्री—सवेरे तडके की, प्रात:काल का; प्रात काल सम्वन्धी।

सहरदम (سحردم) अ फा पु—सवेरे-सवेरे, वहुत तडके, गजरदम।

सहरी (سحری) अ. वि—प्रात काल का, रमजान के दिनो मे कुछ रात रहे का खाना, जिसे खाकर रोजा रखा जाता है, सहरगही।

सहरोशाम (سحروشام) अ फा पु—सुवह और शाम, सवेरे और सध्या के समय।

सहाइफ (صحائف) अ पु.—'सहीफ' का वहु; पुस्तके, ग्रथ, आकाश से उतरी हुई पुस्तके, धर्मग्रथ।

सहावः (صحابہ) अ. पु—मित्रता करना, मित्रगण।

सहावत (صحابت) अ स्त्री—मित्रता करना; सहायता करना।

सहारा (صحارا) अ पु—'सह्रा' का वहु, जगल, वडे-वडे जगल।

सहारी (صحاری) अ पु—'सह्रा' का वहु, वहुत से जगल, वन-समूह।

सहाह (صحاح) अ वि—स्वस्थ, तनदुरुस्त, निर्दोष, वेऐव, (स्त्री) स्वास्थ्य, तनदुरुस्ती, पवित्रता, पाकी।

सही (سہی) फा वि—सरल, सीधा, जो लवाई मे सीधा हो, सर्व का सीधा पेड, यह शब्द अकेला सीधे के अर्थ मे वोला नही जाता, दूसरे शब्द से मिलकर वोला जाता है जैसे—'सहीकद' या 'सर्वेसही'।

सहीकः (سحیقہ) अ पु—पिसी हुई चीज, चूर्ण, सुफूफ।

सहीक (سحیق) अ वि—पिसा हुआ, चूर्णित, चूर्ण, सफूफ।

सहीकद (سہی قد) फा वि—सीधे और लवे आकार का।

सहीकामत (سہی قامت) फा अ वि.—दे 'सहीकद'।

सही वाला (سہی بالا) फा वि—दे 'सहीकद'।

सहीफः (صحیفہ) अ पु—पुस्तक, किताव, धर्मग्रथ, मजहवी किताव।

सहीफए आस्मानी (صحیفۂ آسمانی) अ. फा पु—आसमान से उतरी हुई किताव जो किसी पैगवर पर उतरी हो।

सहीम (سہیم) अ वि –भागीदार हिस्सेदार।

सहीह (صحیح) अ वि –सत्य, सच यथार्थ ठीक, निर्दोष बेऐब स्वस्थ, चंगा पूर्ण, पूरा, साबित समूचा (पु) वे अरबी अक्षर जो 'अलिफ', वाव और ये के अतिरिक्त है।

सहीहुज्जेहन (صحیح الذہن) अ वि –जिसका जेहन ठीक हो जिसकी बुद्धि ठीक हो जिसके विचार ठीक हो।

सहीहुद्दिमाग़ (صحیح الدماغ) अ वि –जिसका मस्तिष्क ठीक हो जिसकी अक्ल ठीक काम करती हो, जो पागल न हो।

सहीहुन्नसब (صحیح النسب) अ वि –जिसका वंश निर्मल हो शुद्धरक्त (मनुष्य)।

सहीहुन्नस्ल (صحیح النسل) अ वि –जो अच्छे वंश का हो जिसकी जाति अच्छी हो (पशु)।

सहीहुन्नुत्फ़ः (صحیح النطفہ) अ वि –दे 'सहीहुन्नसब'।

सहीहुर्राय (صحیح الرائے) अ वि –जिसकी राय ठीक होती हो बुद्धिमान।

सहीहुलअक्ल (صحیح العقل) अ वि –जिसमे बुद्धिदोष न हो शुद्धबुद्धि।

सहीहुलफ़ह्म (صحیح الفہم) अ वि –जो बात को जल्द समझता हो प्रमाता।

सहीहुलमिज़ाज (صحیح المزاج) अ वि –स्वस्थ नीरोग तन्दुरुस्त शुद्धात्मा नेकतबअ।

सहीहुश्शुऊर (صحیح الشعور) अ वि –जिसकी विवेचन शक्ति शुद्ध हो।

सहीहोसालिम (صحیح و سالم) अ वि –सुरक्षित महफ़ूज़ स्वस्थ तन्दुरुस्त जीवित जिन्दा।

सहूर (سحور) अ स्त्री –सहरी सहरगही रोज़े के दिनों में सवेरे का खाना जिसके बाद रोज़ा होता है।

सहक़ (سحق) अ पु –रगड़ना पीसना स्त्रियों का परस्पर चपटी लड़ाना।

सहज (سحج) अ स्त्री –मरोड़ आँव आँतों की छिलन।

सहन (صحن) अ पु –अजिर आँगन अगनाई एक रेशमी कपड़ा।

सहनक (صحنک) फा स्त्री –छोटा तबाक़ रिकाबी तश्तरी हज़रत फ़ातिमा की नियाज़ का खाना।

सहनची (صحنچی) फा स्त्री –दालान के अगल-बगल की कोठरियाँ।

सहने चमन (صحن چمن) अ फा पु –बाग़ के भीतर का सरसब्ज़ तख्ता।

सहने बाग़ (صحن باغ) अ फा पु –दे 'सहने चमन'।

सहने बुस्ताँ (صحن بستاں) अ फा पु –दे 'सहने चमन'।

सहने मकाँ (صحن مکاں) अ पु –घर का आँगन अजिर अमण।

सहने लामकाँ (صحن لامکاں) अ पु –अंतरिक्ष, खला।

सहब (صحب) अ पु –साहिब का बहु, मित्रगण दोस्त।

सहबा (صہبا) अ स्त्री –मदिरा मद्य शराब, लाल रंग की शराब।

सहबाई (صہبائی) अ फा वि –मद्यप सुरापी शराबी।

सहबान (سحبان) अ पु –अरब का एक बहुत बड़ा शाइर।

सहम (سہم) अ पु –कमान से छूटा हुआ तीर बाण, अंश हिस्सा।

सहम (سہم) फा पु –भय त्रास डर खौफ़।

सहमगीं (سہمگیں) फा वि –भयभीत, त्रस्त, डरा हुआ, खौफ़ज़दः।

सहमनाक (سہمناک) फा वि –भयंकर, भयानक डरावना भयभीत, खौफ़ज़दः।

सहमुलग़ैब (سہم الغیب) अ पु –जन्मपत्री में भाग्य के शुभ ग्रहों का योग।

सहमुलमौत (سہم الموت) अ पु –मौत का तीर, बाण रूपी मृत्यु, मृत्युरूपी बाण।

सहरा (صحرا) अ पु –कानन अरण्य, वन, जंगल, चटयल मैदान, बियाबान।

सहराई (صحرائی) अ फा वि –जंगली जंगल का जंगल सम्बन्धी असभ्य उजड्ड हुश।

सहराए आज़म (صحرائے اعظم) अ पु –अफ्रीका का रेतीला मैदान जो दुनिया में सबसे बड़ा जंगल है।

सहराए कियामत (صحرائے قیامت) अ पु –कियामत का मैदान जिसमें सारे मुर्दे एकत्र होंगे।

सहराए महशर (صحرائے محشر) अ पु –दे 'सहराए कियामत'।

सहराए लक़्क़ोदक़ (صحرائے لق و دق) अ पु –चटयल मैदान, जिसमें न वृक्ष हो न पानी।

सहरागर्द (صحراگرد) अ फा वि –जंगलों-जंगलों मारा फिरने वाला वनचर काननचारी।

सहरागर्दी (صحراگردی) अ फा स्त्री –जंगलों में मारा-मारा फिरना।

सहरानवर्द (صحرانورد) अ फा वि –जंगलों की छानबीन करनेवाला जंगलों के झकोरे खोजनेवाला दे 'सहरागर्द'।

सहरानवर्दी (صحرانوردی) अ फा स्त्री –जंगलों में छानबीन करना जंगलों-जंगलों मारा फिरना।

सहरानशीं (صحرانشیں) अ फा वि –जंगल में रहनेवाला, जंगल का निवासी।

सहानशीनी (صحرانشینی) अ. फा स्त्री –जंगल में रहन-सहन करना, जंगल मे रहना।
सहानियोश (صحرانیوش) अ. फा. वि.–दे 'सहागर्द'।
सह्लंगार (سہل انگار) अ. फा वि.–सुगमता ढूंढनेवाला, आलसी, काहिल, सुस्त।
सह्लंगारी (سہل انگاری) अ. फा. स्त्री –सुगमता ढूंढना, आलस, काहिली।
सहल (سہل) अ वि.–सरल, सुगम, सहज, आसान।
सहलअंगार (سہل انگار) अ फा वि.–दे. 'सह्लंगार'।
सहलअंगारी (سہل انگاری) अ फा. स्त्री.–दे. 'सह्लंगारी'।
सहलुलअमल (سہل العمل) अ. वि –वह काम जो सुगमता-पूर्वक हो जाय, सुसाध्य, सुखसाध्य।
सहलुलवुसूल (سہل الوصول) अ. वि –जो सहज मे वुसूल हो जाय।
सहलुलहुसूल (سہل الحصول) अ. वि –जो सुगमतापूर्वक प्राप्त हो जाय।
सहले मुम्तना (سہل ممتنع) अ. वि.–ऐसा शे'र जो बहुत सरल जान पड़े परतु वैसा कहना असंभव हो।
सह्व (صحو) अ पु –सचेष्टता, होशयारी।
सह्व (سہو) अ. पु –विस्मरण, प्रमाद, भूल; त्रुटि, भ्राति, गलती।
सह्वन (سہواً) अ. वि.–विस्मृतिवश, भूल मे; अज्ञानत., अनजान में।
सह्वे कलम (سہو قلم) अ पु –कलम से कुछ का कुछ लिख जाना, लेखनी-भ्रम।
सह्वे किताबत (سہو کتابت) अ पु.–लिखने की त्रुटि, भूल में कुछ का कुछ लिख जाना।
सह्वे सज्दः (سہو سجدہ) अ पु –नमाज़ मे यह याद न रहना कि एक सज्द किया है या दो।
सह्हास (سہام) अ वि.–तीरदाज, धनुर्धारी।

सा

सां (ساں) फा वि –समान, तुल्य, मिस्ल।
सा (سا) फा वि –समान, मानिंद, (प्रत्य) घिसनेवाला, जैसे 'जबीसा' माथा रगडनेवाला।
साअः (ساعہ) अ पु.–दे 'साअत', घडी।
साअ (صاع) अ पु –नीची जमीन, २ सेर १४ छटाँक और ४ तोले का वज़्न।
साअत (ساعت) अ स्त्री –ढाई घडी का समय, एक घंटा; मुहूर्त, अच्छी या बुरी घडी, क्षण, लम्हा; समय, वक्त, क़ियामत का दिन।
साअते उमूमी (ساعت عمومی) अ. स्त्री –घटाघर।
साअते नह्स (ساعت نحس) अ. स्त्री –बुरी घडी, अशुभ मुहूर्त, जिसमे कोई काम करना उचित न हो।
साअते नेक (ساعت نیک) अ. फा. स्त्री.–अच्छी घड़ी, शुभ मुहूर्त, जिसमे कोई काम करना लाभकर हो।
साअते बद (ساعت بد) अ. फा. स्त्री –दे. 'साअते नह्स'।
साअते मज्लिसी (ساعت مجلسی) अ. स्त्री.–दीवार की घडी, क्लाक।
साअते मनूहस (ساعت منحوس) अ. स्त्री.–दे. 'साअते नह्स'।
साअते संगीं (ساعت سنگین) अ फा स्त्री –कठिन वक़्त, आपत्ति-काल, मुसीबत का समय।
साअते सईद (ساعت سعید) अ स्त्री.–दे. 'साअते नेक'।
साआत (ساعات) अ. स्त्री –'साअत' का बहु, मुहूरतें, घड़ियाँ, क्षण।
साइंदः (سایندہ) फा. वि –घिसनेवाला, रगड़नेवाला, पीसनेवाला, घर्षक।
साइक़ः (صاعقہ) अ. स्त्री.–गिरनेवाली बिजली; तडित, विद्युत्, बिजली।
साइकःअफ़गन (صاعقہ افگن) अ. फा. वि.–बिजलियाँ गिरानेवाला (वाली), वह दृष्टि जो बिजलियाँ गिराये।
साइकःज़ा (صاعقہ زا) अ. फा वि.–बिजलियाँ पैदा करने-वाला (वाली), वह दृष्टि जिससे बिजलियाँ पैदा हो।
साइक़ःफ़िगन (صاعقہ فگن) अ. फा. वि –दे 'साइक़ःअफ़गन'।
साइकःबार (صاعقہ بار) अ फा. वि.–बिजलियाँ बरसाने वाला (वाली), वह दृष्टि जो बिजलियो की बारिश करे।
साइक़ (سائق) अ वि –अंधे को पीछे से सहारा देकर आगे बढानेवाला, जैसा कि 'काइद' अंधे को आगे से सहारा देता है।
साइग़ (صائغ) अ. वि –स्वर्णकार, सुनार।
साइद (ساعد) अ पु –पहुँचा, कलाई।
साइद (صاعد) अ वि –ऊपर चढ़नेवाला।
साइब (صائب) अ वि –पहुँचनेवाला, रसा, शुद्ध, सही।
साइबान (سائبان) फा पु –मकान का छज्जा, छाजन, छप्पर आदि जो धूप की आड को हो।
साइबुर्राय (صائب الرائے) अ वि –जिसकी राय बहुत ठोस और शुद्ध हो।
साइबुलअक्ल (صائب العقل) अ वि –जिसकी बुद्धि ठीक सोचती हो।
साइमः (صائمہ) अ स्त्री –रोज दार स्त्री, वह स्त्री जो रोजे से हो।

साइम (صائم) अ पु –रोजा रखनेवाला, रोजा रखनेवाला व्रती।

साइमुद्दह्र (صائم الدهر) अ पु –हमेशा रोजा रखनेवाला नित्यव्रती।

साइमुल्लैल (صائم اللیل) अ पु –रात का रोजा रखने वाला।

साइरः (سائرہ) अ स्त्री –घूमने फिरनेवाली।

साइर (سائر) अ वि –घूमने फिरने वाला सब तमाम, शेष बाक़ी चुंगी का महसूल।

साइलः (سائلہ) अ स्त्री –मांगनेवाली भिखारिन सवाल करनेवाली।

